www.cgfrontline.com

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

■ वर्ष: 01 ■ अंक: 76 ■ जशपुर, 05 नवंबर 2026 (गुरूवार) ■ पृष्ठ: 08 ■ मूल्य: 01 रूपये

स्वास्थ्य विभाग ने महावीर अस्पताल का लाइसेंस किया सस्पेंड



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। अंबिकापुर के निजी अस्पतालों में किस तरह मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है, इसका बड़ा उदाहरण सामने आया है। शहर के सबसे व्यस्त इलाके गांधीनगर के सुभाषनगर स्थित प्रतिष्ठित महावीर अस्पताल में पिछले 2 साल से एक फर्जी डॉक्टर आइसीयू में मरीजों का इलाज कर रहा था। उसके पास डॉक्टर की कोई डिग्री नहीं थी, वह दूसरे व्यक्ति की डिग्री में छेड़छाड़ करके नौकरी कर रहा था।

बिहार का रहने वाला था आरोपित

आरोपी का नाम नुरेन आलम 30 साल है। वह मूल रूप से बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के गांव फततौला का रहने वाला है। करीब 2 साल पहले वह अंबिकापुर आया और साईं मंदिर के सामने स्थित

आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

महावीर अस्पताल में फिजियोथेरेपी सहायक के तौर पर काम पर लगा। धीरे-धीरे उसने खुद को डॉक्टर के रूप में पेश करना शुरू कर दिया और अस्पताल प्रबंधन ने उसे आईसीयू जैसी गंभीर जगह पर तैनात कर दिया, जहां गंभीर मरीज भर्ती होते हैं।

सीएमएचओ की टीम ने मारा छापा

16 अक्टूबर 2026 को जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निजी अस्पतालों में फर्जी डॉक्टरों के काम करने की शिकायत मिली थी। इस पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी की टीम ने महावीर अस्पताल में औचक निरीक्षण किया। टीम ने वहां मौजूद सभी डॉक्टरों, नर्सों और स्टाफ से उनकी शैक्षणिक योग्यता, डिग्री और मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र मांगे। जब नुरेन आलम की बारी आई तो उसने एक रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिखाया। अधिकारियों को दस्तावेज पर शक हुआ तो उन्होंने उसके ऊपर लगे क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन किया। स्कैन करते ही पूरा फर्जीवाड़ा सामने आ गया। क्यूआर कोड स्कैन करने पर जो जानकारी आई, वह किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर थी।

झारखंड के अभिज्ञान की डिग्री का किया इस्तेमाल

जांच में पता चला कि नुरेन आलम जिस सर्टिफिकेट को अपना बता रहा था, वह असल में झारखंड निवासी अभिज्ञान कुमार नाम के व्यक्ति का था। आरोपी ने बड़ी चालाकी से उस प्रमाण पत्र में फोटो बदलकर और कूटरचना कर अपना नाम जोड़ दिया था और उसी के आधार पर अस्पताल में डॉक्टर की नौकरी पा ली थी।

अस्पताल का लाइसेंस एक महीने के लिए निलंबित

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत कार्रवाई की। बिना योग्यता जांचे फर्जी व्यक्ति को डॉक्टर के पद पर रखने के आरोप में महावीर अस्पताल का लाइसेंस एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

एफआईआर के बाद से फरार आरोपित

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की शिकायत पर गांधीनगर थाने में नुरेन आलम के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और फर्जी दस्तावेज बनाकर इस्तेमाल करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। केस दर्ज होते ही आरोपी अस्पताल और शहर से फरार हो गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अंबिकापुर कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया। 3 नवंबर 2026 को सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश अंबिकापुर की कोर्ट में सुनवाई हुई। शासन की ओर से लोक अभियोजक प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कोर्ट में मजबूती से पक्ष रखा और कहा कि आरोपी ने लोगों की जान से खिलवाड़ किया है, यह गंभीर अपराध है और इसे जमानत नहीं मिलनी चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अब पुलिस उसकी तलाश में बिहार तक दबिश दे रही है।



किशोरी को भगाकर पश्चिम बंगाल ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने 9 महीने बाद दबोचा

पुलिस टीम ने गर्भवती किशोरी को बरामद किया, साइबर सेल की रही अहम भूमिका

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। शहर की एक नाबालिग लड़की के साथ प्यार के नाम पर धोखा और दरिंदगी का मामला सामने आया है। थाना गांधीनगर पुलिस ने मामले में 9 महीने से फरार आरोपी को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक, बीते 16 फरवरी को नाबालिग लड़की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई। शाम तक जब वह नहीं लौटी तो स्वजन ने रिश्तेदारों के यहां और आसपास तलाश किया। नहीं मिलने पर गांधीनगर थाने में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना दी गई थी, जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया था। कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा, प्रशिक्षु एसआई भारतीय मार्कंडेय, एएसआई वीरेंद्र कुजूर, धनंजय पाठक, आरक्षक आनंद केरकेट्टा, अमीर सिंह, केवल साहू की अहम भूमिका रही।

लोकेशन ट्रेस करने पर निकला बंगाल कनेक्शन

नाबालिग लड़की के तलाश में लगी पुलिस को महीनों तक कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामला साइबर सेल को दिया गया। साइबर सेल ने तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल टॉवर लोकेशन और सोशल मीडिया के जरिए आरोपी का पता लगाया। इसके बाद लोकेशन पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शिमूलदंगा गांव में मिला। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने तुरंत एक विशेष टीम को बंगाल रवाना किया। टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से शक्तिपुर थाना क्षेत्र में दबिश दी और आरोपी सुजाय मंडल पिता उत्तम मंडल 25 वर्ष के घर से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया।

आरोपी की पहचान सुजाय मंडल के रूप में हुई है।

ट्रांजिट रिमांड पर लाया आरोपी को अंबिकापुर

थाने लाकर पीड़िता से महिला अधिकारी की मौजूदगी में पूछताछ की गई तो सामने आया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर बहलाया, अंबिकापुर से भगाकर बंगाल ले गया, वहां अपने घर में रखा और लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में धारा 87, 65(1) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 जोड़कर आरोपी से पूछताछ की तो वह अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करके ट्रांजिट रिमांड पर अंबिकापुर लाया गया और न्यायालय में पेश किया गया।

कोरबा का 'गिरी गैंग मंदिर में चेन स्नेचिंग की वारदात को दिया था अंजाम

- महिला ने 95 हजार का हार गायब होने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट, 04 आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। नवरात्रि के समय हुई चेन स्नेचिंग की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश या है। इस मामले में पुलिस ने कोरबा जिले के एक ही परिवार के 4 लोगों के गिरोह को पकड़ा है। ये लोग त्योहारों के मौके पर मंदिरों में भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से सोने की चेन खींचकर फरार हो जाते थे।

जानकारी के मुताबिक, केदारपुर निवासी ओमप्रकाश जायसवाल अपनी पत्नी के साथ नवरात्रि के मौके पर बीते 18 अक्टूबर को अंबिकापुर के एक मंदिर में दर्शन करने गए थे। मंदिर में भीड़ का फायदा उठाकर किसी ने उनकी पत्नी के गले से करीब 95,000 रुपये कीमत का सोने का चेन खींच लिया। जब तक उन्हें पता चलता, स्नेचर भीड़ में गायब हो चुका था। उन्होंने तुरंत थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मंदिर के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले, लेकिन भीड़ के कारण आरोपी स्पष्ट नजर नहीं आए।

चोरी का माल बेचने निकले तो पकड़े गए

पुलिस चेन स्नेचिंग के इस मामले में लगातार आरोपियों का पतासाजी कर रही थी। इसी बीच 4 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि, 4 संदिग्ध युवक शहर में सोने का टुकड़ा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर कोतवाली और मणीपुर की संयुक्त टीम ने तुरंत घेराबंदी की और 4 लोगों को पकड़ा। तलाशी लेने









पर उनके पास से सोने के आभूषण के टुकड़े मिले। कड़ाई से पूछताछ करने पर चारों टूट गए और बताया कि 18 अक्टूबर को मंदिर में उन्होंने ही चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। बाद में चेन को तोड़कर टुकड़ों में बेचने की योजना थी।

इन आरोपियों को गिरफ्तार की पुलिस

पुलिस ने बताया कि चारों आरोपी रिश्तेदार हैं और पेशेवर चोर हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संतोष गिरी (28) व पिंकू गिरी (25) दोनों सगे भाई, पिता राजकुमार गिरी, अमर गिरी (19) पिता संतोष गिरी, रामकुमार गिरी (32) पिता उदल गिरी सभी निवासी कौनकोना, ठिहाईपारा, थाना बांगो, जिला कोरबा शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी गई सोने की चेन के टुकड़े जब्त किए हैं। चारों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अब पता लगा रही है कि इस गैंग ने अंबिकापुर और कोरबा में और कितनी वारदातें की हैं।

स्नेचर तक पहुंचने में इनकी अहम भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली थाना से निरीक्षक अच्युतचंद तिवारी, मणीपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सीपी तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक अनिल पांडेय, प्रधान आरक्षक नीरज पांडेय, रजनीकांत मिश्रा, आरक्षक उमाशंकर साहू, अतुल सिंह, मनीष सिंह, रामाशंकर यादव, अनिल परिहार, शिव राजवाड़े, सैनिक दिनेश यादव सक्रिय रहे।

सीबीआई को मिली सौरभ चंद्राकर की 8 दिन की रिमांड, दिल्ली मे होगी पूछताछ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। रायपुर की सीबीआई कोर्ट में महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को 8 दिन की कस्टोडियल रिमांड मंजूर की है। सीबीआई की टीम अब उसे दिल्ली ले जाएगी, जहां उससे अपने ऑफिस में पूछताछ की जाएगी।

उसे 12 नवंबर को फिर कोर्ट में पेश करना होगा। कोर्ट में सीबीआई की ओर से बहस के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी और वकील भी मौजूद रहे। ईडी ने भी सौरभ की रिमांड के लिए आवेदन लगाया है। वहीं, सौरभ के वकील तुषार गिरी ने सीबीआई की रिमांड मांग का विरोध किया और इसे गलत बताया। सौरभ की पेशी को देखते



हुए कोर्ट कैंपस में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। यहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बता दें कि करीब 6 हजार करोड़ रुपए के सट्टा घोटाले में आरोपी चंद्राकर को मंगलवार को सीबीआई की टीम दिल्ली से फ्लाइट इ 6 2307 से रायपुर लेकर पहुंची थी।सीबीआई सौरभ को ओमान से प्रत्यर्पण के बाद भारत लेकर आई है। सोमवार को उसे दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर उसे सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था।

'सौरभ ने नागरिकता नहीं बदली, भारत का ही नागरिक'

सौरभ के वकील तुषार ने कहा कि उनका पक्ष है कि सौरभ के खिलाफ केवल ईडी के मामले में ही कार्रवाई हो सकती है। सीबीआई के मामले में उनके खिलाफ केस बनने का सवाल ही नहीं उठता, गिरफ्तारी तो दूर की बात है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने ओमान सरकार को पत्र लिखकर सौरभ की नागरिकता के संबंध में जानकारी मांगी थी। ओमान सरकार ने स्पष्ट किया है कि सौरभ भारतीय नागरिक है। उन्होंने मीडिया में चल रही खबरों को निराधार बताते हुए कहा कि कई बातें बिना तथ्यों के प्रसारित की जा रही हैं। महादेव सट्टा ऐप के जरिए करप्शन और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर उन्होंने कहा कि ये सिर्फ सट्टे का ऐप है।

'ज्ञानू-जानू' वीडियो विवाद में बढ़ी अमित जोगी की मुश्किलें, एफआईआर के बाद पुलिस ने घर पर चस्पा किया नोटिस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजनीति में चर्चित 'ज्ञानू-जानू' वीडियो विवाद को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े कथित आपत्तिजनक वीडियो को लेकर भाजपा नेताओं की शिकायत पर एफआईआर दर्ज होने के बाद रायपुर पुलिस ने अब अमित जोगी को पूछताछ के लिए तलब किया है। सिविल लाइन पुलिस ने उनके निवास पर नोटिस चस्पा करते हुए नोटिस मिलने के एक दिन के भीतर थाने में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाने में 3 नवंबर को अमित जोगी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की ओर से उनके निवास पर लगाए गए नोटिस में कहा गया है कि प्रकरण से संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों को स्पष्ट करने के लिए उनसे पूछताछ जरूरी है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 352, 353(2), 356(2) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अब मामले में जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि, एफआईआर दर्ज होने और पूछताछ के लिए नोटिस जारी किए जाने का अर्थ आरोपों का सिद्ध होना नहीं है।



क्या है पूरा विवाद?

दरअसल, पूरा विवाद अमित जोगी द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो से शुरू हुआ था। इस वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तरह दिखने वाले मुखौटे पहने पात्रों को दिखाया गया था। वीडियो में दोनों पात्रों के बीच साकेतिक विवाद और हनीमून से संबंधित दृश्य प्रस्तुत किए गए थे। बताया जा रहा है कि वीडियो को राजनीतिक व्यंग्य के रूप में साझा किया गया था। हालांकि, इसकी सामग्री और प्रस्तुतिकरण को लेकर भाजपा नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई। भाजपा का आरोप था कि वीडियो के माध्यम से संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई है। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। भाजपा नेताओं ने रायपुर के सिविल लाइन थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और अमित जोगी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेश मूणत सहित अन्य नेताओं ने भी वीडियो पर नाराजगी जताई थी।

पदयात्रा से पहले सीएम साय का कांग्रेस पर तीखा हमला, बोले- लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' में शामिल होंगे। जशपुर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले, अमित जोगी के बयान और कांग्रेस के राजनीतिक आरोपों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी।

सौरभ चंद्राकर की पूछताछ में सामने आ सकते हैं कई नाम

महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को भारत लाए जाने पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आरोपी को विदेश से वापस लाया गया है। उससे पूछताछ के दौरान कई लोगों के नाम सामने आने की संभावना है। वहीं, अमित जोगी



द्वारा सौरभ चंद्राकर को हीरो बताए जाने संबंधी बयान पर मुख्यमंत्री ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह उनकी सोच को दर्शाता है और जिस तरह की उनकी सोच है, उसी के अनुरूप वे अपनी गुणवत्ता बता रहे हैं।

कांग्रेस के आरोपों पर सीएम का पलटवार

जशपुर में आयोजित पदयात्रा को लेकर कांग्रेस की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर मुख्यमंत्री ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों से है। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की हत्या की और देश में आपातकाल लगाया। उस दौरान गैर-कांग्रेसी नेताओं को जेल में डालने के साथ मीडिया की स्वतंत्रता को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने धारा 356 का दुरुपयोग कर जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को भी बर्खास्त किया।

हारने पर संस्थाओं पर आरोप लगाती है कांग्रेस

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस जब चुनाव हारती है तो संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाती है, जबकि जीत मिलने पर इसे जनता का जनादेश बताती है। ऐसे में कांग्रेस का लोकतंत्र की रक्षा की बात करना हास्यास्पद प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' आयोजित की जा रही है।

अवैध धान परिवहन व भंडारण पर जिला प्रशासन सख्त

अंतरराज्यीय सीमा पर संयुक्त टीमों की कार्रवाई में ट्रक-पिकअप सहित सैकड़ों क्विंटल धान जप्त

★ अवैध धान खपाने की कोशिश नाकाम, संयुक्त टीमों ने 406 क्विंटल धान व 780 बोरा किया जप्त

★ दूसरे राज्यों का धान खपाने वालों पर नकेल, राजस्व-खाद्य-पुलिस की संयुक्त टीम सक्रिय





बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पहले जिला प्रशासन ने अवैध धान परिवहन, भंडारण और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि सीमावर्ती एवं आंतरिक चेक पोस्टों पर 24 घंटे निगरानी की जा रही है तथा दूसरे राज्यों का धान खरीदी केंद्रों में खपाने की कोशिशों को रोकने के लिए राजस्व, खाद्य, मंडी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें सक्रिय हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीदी व्यवस्था में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वाड्रफनगर तहसील के धनवार चेक पोस्ट पर संयुक्त टीम ने उत्तर प्रदेश से लाए जा रहे एक ट्रक व चार पिकअप से लगभग 406 क्विंटल धान पकड़ा। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर वाहनों को थाना बसंतपुर को सौंपकर मंडी अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट एवं कस्टम मिलिंग उपार्जन आदेश 2016 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। धनवार में ही खली व भूसे के नीचे छिपाकर लाई जा रही 17 बोरी धान से लदा पिकअप भी पकड़ा गया।

3 नवंबर को राजपुर अनुविभाग में संयुक्त टीम ने बिना वैध दस्तावेज परिवहन किए जा रहे 780 बोरा धान जप्त कर थाना राजपुर को सुपुर्द किया। इसी दिन तुगवा-बलंगी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश से लाए जा रहे दो पिकअप से 128 बोरी धान जप्त कर बलंगी चौकी में रखा गया। ग्राम तल्केश्वरपुर के पास 63 बोरी धान से लदा पिकअप पकड़कर डिंडो चौकी को सौंपा गया।

इसके अलावा झारखंड से अवैध धान ला रहे एक पिकअप को रात्रि लगभग 1 बजे पकड़कर थाना रामचंद्रपुर तथा उत्तर प्रदेश से धान ला रहे एक अन्य पिकअप को थाना रघुनाथनगर के सुपुर्द किया गया। सभी प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

पहाड़ी कोरवा बहुल पौड़ीखुर्द के स्कूली बच्चों को मिले स्वेटर

बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला किसानपारा पौड़ीखुर्द एवं माध्यमिक शाला पौड़ीखुर्द में बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत पौड़ीखुर्द विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बहुल ग्राम है। यहां की पहाड़ी कोरवा बस्ती आमकोना के बच्चे इन्हीं विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के शिक्षकों ने सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सभी बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पौड़ीखुर्द की सरपंच श्रीमती अंजेला भेंगरा, उपसरपंच तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

धान खरीदी की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली अनुभाग स्तरीय बैठकें, उपार्जन नीति के दिशा-निर्देशों से कराया अवगत

बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी अनुविभागों में एसडीएम द्वारा समीक्षा बैठकें ली जा रही हैं। बैठकों में अनुभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ खरीदी व्यवस्था की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम शंकरगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति प्रभारियों, खाद्य निरीक्षक, मंडी निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक एवं ऑपरेटरों को धान खरीदी वर्ष 2026 की आवश्यक तैयारियों तथा उपार्जन नीति 2026 के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित हो सके।



राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में रामानुजनगर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। सेजेस बिश्रामपुर में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की दो वैज्ञानिक परियोजनाओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों में विद्यार्थियों ने अपनी शोधपरक सोच और नवाचार से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार था। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निर्धारित इस विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्थानीय संसाधनों, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी वैज्ञानिक परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कक्षा 12 वीं के शिवम ठाकुर एवं कक्षा 11 वीं के राकेश कुमार यादव की परियोजना विद्यालयों में पांच सूत्रीय पद्धति के माध्यम से सतत कागज प्रबंधन का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया।

इसमें विद्यार्थियों ने कागज का कम उपयोग, पुनः उपयोग, पुनर्प्राप्ति, पुनर्रचना एवं पुनर्चक्रण के पांच सूत्रों के माध्यम से विद्यालयों में कागज की खपत कम करने और कागज अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन करने का व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत किया।

इसी तरह जूनियर वर्ग में कक्षा 9 वीं के अंशु सिंह एवं कृष्णा सिंह की परियोजना परंपरा से सतत जीवन की ओर, ग्रामीण समुदायों में पारंपरिक बांस संबंधी ज्ञान, उपयोग एवं आजीविका का वैज्ञानिक अध्ययन भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। इस परियोजना में विद्यार्थियों ने ग्रामीण समुदायों के पारंपरिक बांस संबंधी ज्ञान, उसके विभिन्न उपयोगों, आजीविका में योगदान और सतत विकास की संभावनाओं का वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत किया। दोनों परियोजनाओं के मार्गदर्शक शिक्षक गोपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और अनुसंधान की भावना विकसित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं की पहचान कर उनके वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया जाता है।

चिरायु की पहल से रामसाय की आंखों में लौटी रोशनी, मेकाहारा रायपुर में ट्रॉमेटिक मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन

बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत जिले में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड वाड्रफनगर के हाई स्कूल कछिया में अध्ययनरत रामसाय की आंखों की रोशनी चिरायु टीम की तत्परता से लौट आई है। ट्रॉमेटिक मोतियाबिंद के कारण रामसाय को आंख से बिल्कुल दिखाई नहीं देता था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वाड्रफनगर की चिरायु टीम-बी ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान इस समस्या की पहचान की। टीम लीडर डॉ. धनंजय गुप्ता एवं सदस्यों ने तत्काल चिकित्सा प्रक्रिया आरंभ की, वहीं बीएमओ डॉ. हेमंत दीक्षित ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उसे मेकाहारा रायपुर भेजा, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन किया। अब रामसाय को स्पष्ट दिखाई देने लगा है और वह पढ़ाई जारी रखने को लेकर उत्साहित है।

मैदान पर उतरी गांव-कस्बों की प्रतिभा, जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का शुभारंभ



बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता 2026-27 का आज शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, श्री ओमप्रकाश जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मरकाम, श्रीमती अर्पणा दीक्षित, श्री भानू प्रकाश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल, श्री अभिषेक गुप्ता एवं अधिकारी उपस्थित रहे। पहले ही दिन जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं से लेकर महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने विभिन्न विधाओं में अपने कौशल, दमखम और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

आयोजन के प्रति जिले में उत्साह का अंदाजा पंजीयन के आंकड़ों से लगाया जा सकता है। विकासखंड स्तर पर कुल 91 हजार 995 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया, जिनमें 47 हजार 945 महिलाएं



और 44 हजार 50 पुरुष शामिल हैं। महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रहना ग्रामीण अंचलों में खेलों के प्रति बदलते नजरिए का संकेत है। सर्वाधिक 21 हजार 932 पंजीयन वाड्रफनगर विकासखंड से हुए, जबकि राजपुर से 19 हजार 943, रामचंद्रपुर से 16 हजार 71, बलरामपुर से 13 हजार 719, कुसमी से 10 हजार 250 तथा शंकरगढ़ से 10 हजार 80 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में 8 हजार 837 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 4 हजार 581 पुरुष एवं 4 हजार 256 महिलाएं रहीं। इनमें कुसमी से 1688, शंकरगढ़ से 1655, राजपुर से 1536, बलरामपुर से 1422, वाड्रफनगर से 1385 तथा रामचंद्रपुर से 1151 खिलाड़ी शामिल हुए।

प्रथम दिवस सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय खेल मैदान में सीनियर महिला वर्ग की रस्साकसी तथा एथलेटिक्स की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, ऊंची कूद और लंबी कूद स्पर्धाएं आयोजित हुईं, वहीं पुलिस लाइन स्थित इंडोर हॉल में वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन के मुकाबले खेले गए। 04 नवंबर को फुटबॉल, तीरंदाजी, खो-खो, कराते, कुश्ती एवं बास्केटबॉल तथा 05 नवंबर को कबड्डी एवं हॉकी की प्रतियोगिताएं होंगी। मुकाबले सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र जाबर, मिशन स्कूल तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भेलवाडीह के खेल मैदानों में आयोजित किए जाएंगे। आयोजन से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलने के साथ पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों के प्रति युवाओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

डीएवी पब्लिक स्कूल में विषयगत शैक्षणिक प्रदर्शनी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर में प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती के मार्गदर्शन में 4 नवंबर को विषयगत शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, नवाचार एवं व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करना रहा है विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें अपने अर्जित ज्ञान को प्रयोगों, गतिविधियों एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, खोजपरक प्रवृत्ति, समस्या समाधान की क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एसएस राठे, एसओ सिविल राबिन खलखो, क्षेत्रीय फाइनेंस मैनेजर मुकेश बैरवा उपस्थित रहे। अतिथियों का प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती एवं वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।प्रदर्शनी में जीव विज्ञान, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस, ए आई, ड्राइंग आदि विषयों से संबंधित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक वर्किंग व स्टैटिक मॉडलों, चार्ट, परियोजना कार्य, नवाचारी गतिविधियां प्रदर्शित की गई। जिसमें विद्यालय के कक्षा तीसरी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी पूरी लगन व कड़ी मेहनत से मॉडलों, प्रोजेक्ट, नवाचारी गतिविधियां आदि को साकार रूप दिया। डीएवी के विद्यार्थियों के साथ-साथ विविध विद्यालयों क्रमशः शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर, आत्मानंद स्कूल विश्रामपुर, राजकुमार पब्लिक स्कूल विश्रामपुर के विद्यार्थियों व अध्यापक-अध्यापिकाओं ने प्रदर्शनी को देखकर बच्चों के सार्थक प्रयासों एवं क्रियात्मकता की सराहना की। यह प्रदर्शनी सभी आगंतुकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान के साथ-साथ विविध विषयों को समझने में सहायक सिद्ध होगी और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलेगी। इससे प्रेरित होकर विद्यार्थी अपने जीवन को नई दिशा प्रदान कर पाएंगे। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती जी ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ सृजनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और जीवनोपयोगी कौशल विकसित करना है। ऐसी विषयगत प्रदर्शनियां विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, नए विचारों को साकार करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं।कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती अर्पणा मिश्रा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम के समन्वयक एवं वरिष्ठ शिक्षक डीके तिवारी समेत छात्र-छात्राएं, अध्यापक -अध्यापिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।



योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, जिला पंचायत सामान्य सभा में विकास कार्यों की समीक्षा, समन्वय और जवाबदेही पर बल

बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हिरामुनी निकुंज की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धीरज सिंह देव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा सहित जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के वर्ष 2026-27 के लक्ष्य एवं प्रगति, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा खाद्य विभाग की योजनाओं एवं राशन वितरण व्यवस्था की क्रमवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

अध्यक्ष श्रीमती हिरामुनी निकुंज ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी का पहला कर्तव्य है, जिसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच सशक्त समन्वय आवश्यक है। उन्होंने प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर देते हुए कहा कि ऐसी बैठकें नियमित रूप से हों, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्रों में पेयजल, राशन वितरण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विषय रखते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सदस्यों द्वारा उठाए गए विषयों पर संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्रवाई कर अवगत कराने तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अम्बिकापुर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, तेजी लाने के दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अम्बिकापुर। नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति एवं आमजनों की सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर अजीत वसंत ने बुधवार को नगर के विभिन्न स्थलों एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौपाटी, सुभाष नगर स्थित थोक सब्जी मंडी, महामाया कॉरिडोर, महामाया तालाब तथा कांजी हाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने, स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

रिंग रोड की सफाई के लिए 50-50 का फार्मूला

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रिंग रोड की समुचित साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक बजट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में होने वाले व्यय की 50 प्रतिशत राशि नगर निगम द्वारा तथा शेष 50 प्रतिशत राशि डीएमएफ मद से वहन की जाएगी।

चौपाटी: सड़क पर पार्किंग पर होगी चालानी कार्रवाई

कलेक्टर ने चौपाटी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शेष निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने तथा चौपाटी में आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से सड़क पर वाहन पार्क करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने कहा। साथ ही नालियों की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने निर्मित शौचालय के बेहतर रखरखाव एवं संचालन के लिए दुकानदारों से मासिक शुल्क लेकर महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से संचालन की व्यवस्था करने कहा।

सुभाष नगर में जल्द शिफ्ट होगी थोक सब्जी मंडी, 28 दुकानों का होगा आवंटन

कलेक्टर ने सुभाष नगर स्थित निमार्णाधीन थोक सब्जी मंडी का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने निर्मित 28 दुकानों का शीघ्र आवंटन करने तथा योजना के अनुसार अतिरिक्त 45 दुकानों का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कंपनी बाजार में संचालित थोक सब्जी मंडी को शीघ्र सुभाष नगर में स्थानांतरित करने पर जोर दिया। साथ ही मंडी परिसर में सड़क, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य निर्माण कार्यों को मिशन मोड में शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

महामाया कॉरिडोर में प्रस्तावित कार्यों का स्थल निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर ने महामाया कॉरिडोर में भविष्य के लिए प्रस्तावित कार्यों का स्थल पर पहुंचकर लेआउट प्लान के अनुसार अवलोकन किया। उन्होंने प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कार्य, महामाया तालाब सौंदर्यीकरण में किए जाने वाले विकास कार्यों के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कांजी हाउस गौठान में 200 मवेशियों के लिए होगी व्यवस्था

कलेक्टर ने कांजी हाउस गौठान का निरीक्षण कर वहां मवेशियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि डीएमएफ मद से मवेशियों को रखने के लिए 2 अतिरिक्त शेड निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने गौठान में कम से कम 200 मवेशियों को रखने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर में मवेशियों के कारण होने वाली समस्याओं से निजात मिल सके। उन्होंने गौठान में रखे जाने वाले मवेशियों के स्टेरलाइजेशन के लिए पशुपालन विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा। साथ ही मवेशियों के चारा, पानी एवं शेड की व्यवस्था की जानकारी ली तथा इनके लिए आवश्यक राशि सीएसआर मद से उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की।

जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में छाए रामानुजनगर के छत्र, शिवम-राकेश और अंशु-कृष्णा की टीम ने मारी बाजी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 का जिला स्तरीय आयोजन 03 नवंबर को सेजेस विश्रामपुर में संपन्न हुआ। इसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी दो वैज्ञानिक परियोजनाओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए करवाकर विद्यालय एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार रखा गया था। सीनियर वर्ग में कक्षा 12वीं के शिवम ठाकुर एवं कक्षा 11वीं के राकेश कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत परियोजना श्विद्यालयों में पाँच सूत्रीय पद्धति के माध्यम से सतत कागज प्रबंधन - कम उपयोग, पुनः उपयोग, पुनर्प्राप्ति, पुनर्रचना एवं पुनर्चक्रणश का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ। इस परियोजना में विद्यार्थियों ने विद्यालयों में कागज की खपत कम करने, अनुपयोगी कागज का बेहतर उपयोग करने तथा कागज अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में प्रभावी प्रयास प्रस्तुत किए।

जूनियर वर्ग: बाँस पर वैज्ञानिक अध्ययन

जूनियर वर्ग में कक्षा 9वीं के अंशु सिंह एवं कृष्णा सिंह द्वारा प्रस्तुत परियोजना श्परंपरा से सतत जीवन की ओर - ग्रामीण समुदायों में पारंपरिक बाँस संबंधी ज्ञान, उपयोग एवं आजीविका का वैज्ञानिक अध्ययनश ने भी निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया और राज्य स्तर के लिए चयनित हुई। इस परियोजना में ग्रामीण समुदायों के पारंपरिक बाँस संबंधी ज्ञान, उसके विविध उपयोगों, आजीविका में योगदान तथा सतत विकास की संभावनाओं का वैज्ञानिक अध्ययन किया गया

मार्गदर्शक शिक्षक ने दी बधाई

दोनों परियोजनाओं के मार्गदर्शक शिक्षक व्याख्याता गोपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं अनुसंधान की भावना विकसित करना तथा स्थानीय समस्याओं के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना है।

ककोड़ा-विंग्डबीन पर प्रक्षेत्र दिवस, पोषणयुक्त फसलों से किसानों को मिलेगा अतिरिक्त आय का मौका

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अंबिकापुर। राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, अंबिकापुर में 3 नवंबर को ककोड़ा एवं विंग्डबीन की खेती को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को इन फसलों की उपयोगिता एवं महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सह संचालक डॉ. के.एल. पैंकरा एवं परियोजना अधिकारी मिस किरण तिग्गा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

किसानों को दी गई वैज्ञानिक जानकारी

कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक मिस किरण तिग्गा ने किसानों को ककोड़ा एवं विंग्डबीन की उपयोगिता, खेती करने की विधि, बीज बोने का उचित समय, पौधों के विकास, सहारा देने की विधि एवं फसल प्रबंधन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने दोनों फसलों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व, खाद्य उपयोग तथा किसानों के लिए इनके आर्थिक लाभों के बारे में भी बताया। ककोड़ा को औषधीय गुणों से भरपूर और विंग्डबीन को प्रोटीन का अच्छा स्रोत बताया गया।

प्रक्षेत्र में कराया प्रत्यक्ष अवलोकन

किसानों को प्रक्षेत्र में लगी दोनों फसलों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया तथा उनके उत्पादन एवं रखरखाव से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। किसानों ने पौधों की बढ़वार, फल लगने की स्थिति और सहारा देने की तकनीक को नजदीक से देखा। अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि ककोड़ा एवं विंग्डबीन जैसी पोषणयुक्त फसलें किसानों के लिए अतिरिक्त आय का अच्छा माध्यम बन सकती हैं। इनके उत्पादन एवं उपयोग को बढ़ावा देकर कृषि विविधीकरण को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है।

किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान

इस अवसर पर किसानों ने फसलों के संबंध में अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं तथा विशेषज्ञों से बीज उपलब्धता, बाजार, रोग प्रबंधन और लागत को लेकर आवश्यक जानकारी एवं सुझाव प्राप्त किए।

संभाग स्तरीय करमा प्रतियोगिता का समापन, गुमगरा और लटमा दल ने संयुक्त रूप से मारी बाजी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। क्षेत्र के ग्राम पटना में आयोजित संभाग स्तरीय करमा प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी मुख्य अतिथि रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 40 करमा नर्तक दलों ने सहभागिता कर अपने कला नृत्य का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में लखनदास करमा दल गुमगरा व आदिवासी करमा दल लटमा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं गजराज करमा दल मोहनपुर व जय भोले करमा दल बोढार सोनहत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सती करमा दल गंगौटी, स्वर संगम करमा दल उरूमदुग्गा व देवपुत्र करमा दल देवधाम खोपा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 15 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 11 हजार, तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 9 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया गया। साथ ही सभी करमा दलों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह ने कहा कि करमा हमारे सरगुजा के आदिवासी परंपरा का सांस्कृतिक लोक नृत्य है। इस पारंपरिक लोककला को बचाए रखने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन आवश्यक है।

युवाओं ने लोकतंत्र और स्वच्छ राजनीति पर रखे विचार



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

ओड़गी। शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में 3 नवंबर को प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते के मार्गदर्शन में ह्यलोकतंत्र के लिए युवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में आज का लोकतंत्र कैसा होना चाहिए? विषय पर परिचर्चा हुई।विद्यार्थियों ने स्वच्छ राजनीति, भ्रष्टाचार, जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक छवि वाले नेताओं और राजनीतिक नैतिकता पर विचार रखे।प्राचार्य सातपुते ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथों में है। मतदाताओं को जाति, धर्म और प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना योग्य एवं ईमानदार प्रतिनिधि चुनना चाहिए।उन्होंने युवाओं को जागरूक मतदाता बनने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गिरदावरी में गड़बड़ी से किसान परेशान, सुधार के लिए तहसील कार्यालय में उमड़ी भीड़

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। तहसील कार्यालय में एक बार फिर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। धान विक्रय हेतु शासन द्वारा कराई गई त्रुटिपूर्ण गिरदावरी के कारण किसान परेशान हैं और त्रुटियों को सुधरवाने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

हर साल दोहराई जाती है गड़बड़ी

किसानों का कहना है कि जिला प्रशासन की गलत नीतियों के कारण हर साल गिरदावरी रिपोर्ट में गड़बड़ी सामने आती है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बार-बार गड़बड़ी होने के बावजूद प्रशासन इसके कारणों पर काम नहीं करना चाहता। आरोप है कि नॉन टेक्निकल लोगों को गिरदावरी के कार्य में लगाया जाता है, जो ऑनलाइन एंट्री करते समय हर बार कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। वहीं गिरदावरी रिपोर्ट का सत्यापन करने वाले पटवारी भी आंख मूंदकर सत्यापन कर देते हैं।

किसी का पूरा रकबा कटा, किसी के प्लाट गायब

तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे किसानों ने बताया कि किसी का पूरा रकबा काट दिया गया तो किसी के दो प्लाट, जहां धान की फसल लगी है, उसके बावजूद काट दिए गए। ऐसे सैकड़ों किसान सुधार के लिए तहसील कार्यालय आने को मजबूर हैं। तहसील कार्यालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश में खुद को टॉपर साबित करने के चक्कर में जल्दबाजी में काम कराया जाता है। इस कारण काम करने वालों से हड़बड़ी में गड़बड़ी हो जाती है और बाद में तहसील कार्यालय की परेशानी बढ़ जाती है।

मन की भटकन को विराम देकर आत्मचिंतन की ओर बढ़ना ही योग साधना का लक्ष्य



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता और पीस ऑफ माइंड टीवी के एंकर बी.के. रूपेश भाई के सानिध्य में अंबिकापुर के नव विश्व भवन, चोपड़ापारा में दो दिवसीय गहन योग साधना शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज अंबिकापुर की संचालिका राजयोगिनी बी.के. विद्या, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रभारी अजय तिवारी, वरिष्ठ पार्षद रमेश जायसवाल और डीएसपी महालक्ष्मी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर बी.के. रूपेश भाई का स्वागत किया।

युवा संवाद कार्यक्रम मे लोकतंत्र से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक के मुद्दों पर हुआ मंथन



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजनगर। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा युवाओं में राजनीतिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रामानुजनगर में महाविद्यालय एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक व्यवस्था, युवाओं की राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी, राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप, एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण), केंद्र सरकार की योजनाओं एवं नए कानूनों सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

विदेशी हस्तक्षेप पर हुआ संवाद

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप, राष्ट्रीय संप्रभुता एवं देश की आंतरिक सुरक्षा पर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक निर्णयों, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं एवं नीतिगत मामलों में बाहरी हस्तक्षेप का प्रश्न राष्ट्रीय हितों से जुड़ा होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और सोशल मीडिया पर प्रसारित सूचनाओं को तथ्यों और तार्किक दृष्टिकोण से समझें।

लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी

पूर्व जनपद सदस्य एवं उपसरपंच जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी इसकी महत्वपूर्ण आधारशिला है। युवाओं को राजनीति, सामाजिक कार्यों और स्थानीय विकास में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

लोकतंत्र और भीड़तंत्र में अंतर

युवा मोर्चा जिला मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी सहिम अंसारी ने लोकतंत्र और भीड़तंत्र के बीच अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र संवैधानिक व्यवस्था, नियमों और संस्थाओं के सम्मान पर आधारित होता है, जबकि भीड़ के दबाव में लिए गए निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से बिना तथ्यों की पड़ताल किए निष्कर्ष पर न पहुंचने की अपील की। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नए कानूनों, एसआईआर की प्रक्रिया तथा समसामयिक विषयों पर जानकारी दी।


प्रश्नोत्तर सत्र रहा आकर्षण

कार्यक्रम का महत्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों के साथ आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र रहा। इसमें छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र, योजनाओं, नए कानूनों, एसआईआर एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर सवाल पूछे, जिनका वक्ताओं ने जवाब दिया। इस अवसर पर प्राचार्य रामकुमार साहू, एनएसएस प्रभारी कन्हैयालाल, सहप्रभारी श्याम सिंह मरावी, सुनील गुप्ता एवं नितिन सिन्हा सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना जरूरी

दीपावली रोशनी, उल्लास और खुशियों का पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है, लेकिन उत्सव की उमंग जब दूसरों की सांसों पर भारी पड़ने लगे तो आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को निर्धारित समय में केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी है। अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो-क्रैकर जोन बनाने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला उत्सव पर रोक नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में रखने का प्रयास है। सवाल है कि हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर अदालत को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? क्या लोहार मनाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी का भाव इतना कमजोर हो गया है कि न्यायिक आदेशों की जरूरत पड़ने लगी है? दिल्ली-एनसीआर पहले ही वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और पराली का धुआं हवा की गुणवत्ता बिगाड़ते हैं। ऐसे में पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और भयावह बना सकता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण किसी एक घर या मोहल्ले तक सीमित नहीं रहता, उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट के हवाले से अदालत में बताया गया कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 20.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा समाज को झकझोरने के लिए पर्याप्त है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन किसी की सेहत और जीवन की कीमत पर नहीं। इसलिए उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना बेहद जरूरी है। ग्रीन पटाखे भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते। इसलिए इनके नाम पर असीमित आतिशबाजी की छूट नहीं होनी चाहिए। असली और नकली ग्रीन पटाखों की पहचान, प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अदालत ने सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों को नो-क्रैकर जोन घोषित करने का निर्देश महत्वपूर्ण है। प्रशासन को इन क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी होगी और पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को निगरानी रखनी होगी। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है। विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों से प्रदूषण रहित दीपावली की अपील करवाने का सुझाव भी सराहनीय है। खिलाड़ियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों को जागरूकता अभियान से जोड़ना चाहिए। हालांकि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल दीपावली तक सीमित नहीं रह सकती। वाहनों, उद्योगों, निर्माण स्थलों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर सालभर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। दीपावली पर दीप जलाना हमारी परंपरा है और खुशियां मनाना हमारा अधिकार। मगर दूसरों की सांसों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों का शोर कुछ क्षणों का आनंद देता है, जबकि उसका धुआं लंबे समय तक परेशानी पैदा कर सकता है। इस बार संकल्प होना चाहिए कि घरों में दीपों की रोशनी बढ़े, लेकिन हवा में जहर नहीं।



सत्ता संघर्ष
ओमकार चौधरी

इजराइल में जनादेश का गतिरोध

इजराइल के संसदीय चुनाव ने एक बार फिर देश को राजनीतिक अनिश्चितता के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। दूसरी ओर, नेतन्याहू विरोधी दलों के पास संयुक्त रूप से 67 सीटें हैं, मगर वैचारिक मतभेदों के कारण वे भी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की सीटें 10 से बढ़कर 19 हो गई हैं, जिससे उनका महत्व बढ़ा है। सैन्य सेवा, न्यायिक सुधार, गाजा युद्ध और फलस्तीनी प्रश्न पर गहरे मतभेद गठबंधन की राह रोक रहे हैं। राष्ट्रपति की पहल के बाद ही स्पष्ट होगा कि नई सरकार बनेगी या इजराइल फिर चुनाव में जाएगा।

इजराइल के इतिहास में किसी एक राजनीतिक दल को अपने बूते 61 सीटें नहीं मिली हैं। इसलिए गठबंधन सरकार वहां राजनीतिक अनिवार्यता है। कई बार पांच-सात सीटों वाला छोटा दल भी सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में आ जाता है, लेकिन धार्मिक परंपराओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्यायपालिका, सैन्य सेवा और फलस्तीनी प्रश्न पर दलों के बीच इतने गहरे मतभेद हैं कि गठबंधन स्थायी नहीं रह पाते। वर्ष 2019 से 2022 के बीच इजराइल में पांच संसदीय चुनाव हुए। जून 2021 में नफ्ताली बेनेट और याइर लापिद ने नेतन्याहू-विरोधी दलों को एकजुट करके सरकार बनाई। इसमें पहली बार



सहयोगी गठबंधन की संख्या भी पिछली संसद में एक समय 68 तक पहुंचने के बाद अब 53 रह गई है। इसके कई कारण रहे। सबसे बड़ा मुद्दा 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किया गया हमला था, जिसने इजराइल की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की गंभीर कमियां उजागर की थीं। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजनकोट और नेतन्याहू मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बना सकते हैं? आइजनकोट ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने को प्रमुख उद्देश्य बनाया था। चुनाव के बाद भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह नेतन्याहू के अधीन सरकार में शामिल नहीं होंगे। यहां तक कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था को भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। नफ्ताली बेनेट और अविग्दोर लिबरमैन भी नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने का विरोध कर चुके हैं। आइजनकोट ने संभावित सहयोगियों के लिए चार सिद्धांत निर्धारित किए हैं। पहला, इजराइल को यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और समानतापूर्ण राज्य के रूप में स्वीकार करना होगा। दूसरा, स्वतंत्रता की घोषणा में व्यक्त मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। तीसरा, सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय अथवा नागरिक सेवा का दायित्व स्वीकार करना होगा। चौथा, हमास को आतंकवादी संगठन मानते हुए गाजा में उसकी सैन्य और शासन-संचालन क्षमता समाप्त करने के उद्देश्य का समर्थन करना होगा। गठबंधन के तीन प्रमुख विकल्प हैं। पहला, आइजनकोट 19 अरब सांसदों का समर्थन लेकर 67 की संख्या तक पहुंचें। इसके लिए बेनेट और लिबरमैन जैसे नेताओं को सहमत करना होगा। दूसरा, शास और यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म के 13 सांसदों को साथ लेकर 61 का बहुमत बनाया जाए। लेकिन सैन्य भर्ती के प्रश्न पर समझौता आवश्यक होगा। तीसरा, नेतन्याहू और विपक्ष के कुछ दल राष्ट्रीय सरकार बनाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री पद, न्यायिक सुधार, सुरक्षा नीति और 7 अक्टूबर के हमले की जांच जैसे विषयों पर सहमति बनानी पड़ेगी। चुनाव परिणामों का औपचारिक प्रमाणन 4 नवंबर तक निर्धारित है। इसके बाद राष्ट्रपति दलों से परामर्श करके किसी सांसद को सरकार बनाने का अवसर देंगे। पहले उम्मीदवार को सामान्यतः 28 दिन मिलते हैं और आवश्यकता पड़ने पर 14 दिन का विस्तार संभव है। असफल होने पर दूसरे नेता को अवसर दिया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विडंबना
योगेश कुमार सोनी



वर्चस्व की लड़ाई में उलझते जा रहे वकील और पुलिस के पेशे

दिल्ली की कानून व्यवस्था में पुलिस और वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि वकील न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। दोनों पेशों का उद्देश्य अलग-अलग जिम्मेदारियों के माध्यम से एक ही लक्ष्य को हासिल करना है। कानून का शासन और जनता को न्याय, लेकिन जब इन दोनों पेशों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और कार्यक्षेत्र की मर्यादा को लेकर विवाद खड़ा होने लगे, तब यह केवल दो पक्षों का टकराव नहीं रह जाता, बल्कि पूरी न्याय एवं कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगते हैं। शाहदरा में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और शाहदरा थानाध्यक्ष के तबादले के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इसी व्यापक बहस को जन्म दिया है। शाहदरा में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ द्वारा मोर्चा खोले जाने के घटनाक्रम ने पुलिस और वकीलों के संबंधों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित पक्षों के आधिकारिक वक्तव्यों, विभागीय आदेशों और विवाद की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक अधिकारी और नागरिक को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। साथ ही, किसी भी विवाद की वास्तविकता सामने लाने के लिए तथ्यों, साक्ष्यों और निष्पक्ष जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या किसी कार्रवाई में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उसके पास अपनी बात रखने के लिए विभागीय और कानूनी मंच उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, यदि किसी वकील को पुलिस की किसी कार्रवाई से आपत्ति है, तो वह भी कानून के दायरे में रहकर शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन जब किसी विवाद में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, पेशेवर पहचान या वर्चस्व का प्रश्न हावी होने लगता है, तो समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। पुलिस अधिकारी को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी होती है। उसे शिकायतकर्ता, आरोपी, गवाह और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। किसी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि कोई वकील किसी मामले में पक्षकार है या किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके पेशे के कारण उसे कानून से अलग कोई विशेष छूट नहीं मिलती। दूसरी ओर, वकील न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्हें अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने और किसी अनुचित कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार भी कानून और पेशेवर आचरण की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। पुलिस के काम में वैधानिक हस्तक्षेप और पुलिस की किसी कार्रवाई पर कानूनी आपत्ति जताना दो अलग-अलग बातें हैं। इसी प्रकार, पुलिस की वर्दी किसी अधिकारी को मनमानी करने का अधिकार नहीं देती। पुलिस और वकीलों के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। कानून के अलग-अलग पक्षों की व्याख्या करते समय असहमति हो सकती है, लेकिन असहमति और टकराव में अंतर है। असहमति व्यवस्था को बेहतर बना सकती है, जबकि व्यक्तिगत संघर्ष व्यवस्था की ऊर्जा और संसाधनों को नष्ट करता है। कानून के सामने सभी समान हैं। न पुलिस का पद कानून से ऊपर है और न वकील का पेशा। दोनों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने पर निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान होना चाहिए। अंततः, सवाल यह नहीं है कि शाहदरा में किसका वर्चस्व स्थापित होगा, बल्कि यह है कि कानून, निष्पक्षता और जनता के विश्वास की जीत कैसे सुनिश्चित होगी। यदि पुलिस और वकील अपनी-अपनी पेशेवर मर्यादा को प्राथमिकता देते हुए संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का रास्ता अपनाते हैं, तो विवादों का समाधान संभव है। लेकिन यदि हर मतभेद प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता रहा, तो नुकसान किसी एक अधिकारी, वकील या विभाग का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का होगा जिसपे आम नागरिक न्याय और सुरक्षा की उम्मीद करता है।लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती किसी व्यक्ति के प्रभाव से नहीं, बल्कि उनके निष्पक्ष कामकाज से तय होती है। इसलिए समय की मांग है कि वर्चस्व की लड़ाई के बजाय कानून के सम्मान, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को प्राथमिकता दी जाए। यही पुलिस और वकील, दोनों के पेशे की गरिमा और जनता के विश्वास को बनाए रखने का सबसे प्रभावी रास्ता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह



संकलित
दर्शन

भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और न कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

ब्राह्मण का सपना



एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा



संकलित
प्रेरणा

तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मैं पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरूपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारूंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

अंतर्मन



आज की पाती

मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों को उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है।

- प्रकाश शर्मा, गाज़ीपुर

ट्रेंड

टूलकिट बने राहुल



राहुल गांधी उन ताकतों की एक टूलकिट हैं, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पूरे देश में अराजकता लाना चाहता है। उनके पास कोई विजन नहीं है। -नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

मोदीजी झूठ बोलना बंद करें



मोदीजी इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए आप विदेशी मंचों से ग्लोबलाई बने हुए हैं। मैं आपको इस लूटे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी तय किसी भी समय हिसाब दे दे सामने आइये। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष

'डबल इंजन' ने धोखा दिया



उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रदेश की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को छलने का काम किया है। धारा कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल, तंत्र का अहंकार और जवाबदेही से लगातार पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

एक्सपोज हुई आप

आम आदमी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज हो चुकी है। पंजाब में भाजपा के पक्ष में एक अंडरकरंट है और आम आदमी पार्टी के खिलाफ बहुत ज़बरदस्त सत्ता विरोधी लहर (एंटी इनकंबेंसी) है। इसी वजह से आप के नेता भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं।

-सतीश पूनिया, भाजपा के पंजाब प्रभारी

करंट अफेयर

पाक में पोलियो टीकाकरण के लिए 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात

पाकिस्तान के कराची शहर में एक सप्ताह तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान के दौरान टीकाकरण दलों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दो से आठ नवंबर तक चलने वाला यह अभियान पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी शुरू किया गया है। इनमें बलूचिस्तान प्रांत भी शामिल है, जहां 31 जिलों में टीकाकरण दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काम कर रहे हैं। यह घटनाक्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में पोलियो का एक नया मामला सामने आने की राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा पुष्टि किए जाने के एक दिन बाद हुआ है। कराची के आयुक्त सैयद हसन नकवी ने कहा कि टीकाकरण दलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि पूर्व में टीकाकरण अभियानों के दौरान सुरक्षा संबंधी घटनाएं और हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं तथा सुरक्षा मजबूत करने के लिए ऑरक्त जांच के साथ मोटरसाइकिल से गश्त भी बढ़ा दी गई है। पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान अक्सर हिंसा की घटनाओं से प्रभावित होते रहे हैं।

ऑफ बीट

मंगल के 4.1 अरब साल पुराने उल्कापिंड का रहस्य किया उजागर

नासा ने मंगल ग्रह पर 13 ऐसी जगहों का पता लगाया है, जहां से तेधाजा 001 उल्कापिंड आया हो सकता है। यह पत्थर माली के सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला था और यह करीब 4.1 अरब साल पुराना है। इसी वजह से यह पृथ्वी पर मिले मंगल के सबसे पुराने उल्कापिंडों में से एक है। वैज्ञानिकों ने मंगल ऑर्बिटर से मिले डाटा की मदद से इसके खनिजों का मिलान मंगल ग्रह के उन क्षेत्रों से किया है, जो ज्यादातर प्राचीन दक्षिणी उच्चभूमि (हाइलैंड्स) में आते हैं। मंगल की दक्षिणी उच्चभूमि सबसे पुरानी जमीनों में से एक है, जिसमें ग्रह के शुरुआती दिनों के अहम सुराग छिपे हैं। तेधाजा 001 में मिले अजीब ज्वालामुखी खनिज ये संकेत देते हैं कि यह मंगल के ऐसे हिस्से से आया है, जिसके नमूने हमने पहले कभी नहीं लिए हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक एस्ट्रोयड के टकराने से यह मंगल से उछलकर पृथ्वी तक अपनी लंबी यात्रा पर आया होगा। हालांकि, यह किस खास क्षेत्र से आया था, यह अभी भी एक रहस्य है, जिसे वे सुलझाने की उम्मीद कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

हरियाणा में बेरोजगारों को मिलेंगे 2000 रुपए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत



आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 1200 रुपएऔर स्नातक या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं



एक्सपो-2026' के दौरान 'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे। यह सम्मेलन 2 से 5 नवंबर तक हो रहा। भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा एवं जलवायु साझेदारी की सराहना की। स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, स्मार्ट ग्रिड में सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

जयपुर में बड़ी कार्रवाई 35 हजार लीटर घी जब्त

जयपुर। यहां फूड सिक्योरिटी विभाग की टीम ने मिलावट के शक में करीब 35 हजार लीटर घी जब्त किया। टीम ने एक मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग फैक्ट्री को भी सील कर दिया। यह कार्रवाई राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत की। खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री का निरीक्षण किया।



'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में लखनऊ में बोले चौहान

कर्जन, जिन्ना के बाद राहुल गांधी तीसरी बार भारत को बांटने की साजिश रच रहे हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर देश को विभाजित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने और देश को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को बांटने की पहली साजिश 1905 में लॉर्ड कर्जन ने की थी। दूसरी 1947 में मोहम्मद अली जिन्ना ने की थी।

■ वोट चोरी पर वार पलटवार

उन्होंने एसआईआर का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अवैध प्रवासियों ,फर्जी मतदाताओं के हितों की रक्षा के लिए इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। चौहान ने यहां 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की तथा कहा कि उनके नेतृत्व ने देश और राज्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने उत्तर प्रदेश में सचमुच कुछ असाधारण एवं ऐतिहासिक किया है।



कांग्रेस ने कई राज्यों में वजूद खोया

चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने कई राज्यों में अपना राजनीतिक असर खो दिया है, ऐसे में उसके साथ जुड़ने से उसके सहयोगी दलों को भी राजनीतिक नुकसान होगा। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र को हिंसा और अव्यवस्था वाले तंत्र में बदलना चाहते हैं क्योंकि वे चुनावी राजनीति के जरिए भाजपा और राजग को हरा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे लोगों के बीच हमें हरा नहीं पाए, तो उन्होंने दूसरे तरीके आजमाने शुरू कर दिए।

विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं


शिवराज ने आरोप लगाया कि आज, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन देश को बांटने एवं इसे अराजकता की आग में धकेलने की तीसरी साजिश की कोशिश कर रहे हैं। चौहान ने दावा किया कि विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी ताकतों के सहारे राहुल देश से खिलवाड़ कर रहे हैं।

करोड़ों लोग अपने पते पर नहीं मिले

चौहान ने वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर अरे हुए लोगों और अपने पंजीकृत पते से गए हुए मतदाताओं के नाम हटाने के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ मतदाता अपने पंजीकृत पते पर नहीं मिले, जबकि 6.3 करोड़ अपनी पिछली जगहों से चले गए थे।

बरेली में नहीं मे किया विपक्ष पर वार


चुनाव हारने पर विपक्ष ईवीएम को ठहरा रहा जिम्मेदार



बरेली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। नड्डा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार को बरेली में थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एकमात्र काम भ्रम फैलाना है। वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है।

अनुराग का राहुल पर पलटवार


वोट चोरी नहीं हुई, कांग्रेस को जनता ने वोट देना ही बंद कर दिया



चंडीगढ़। भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर वोट चोरी के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी नहीं हुई, बल्कि जनता ने कांग्रेस को वोट देना बंद कर दिया है।कांग्रेस हार का ठीकरा कभी ईवीएम, चुनाव आयोग और कभी एसआईआर पर फोड़ रही है। राहुल के 13 करोड़ लोगों के वोट कटने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इतने बड़े स्तर पर वोट काटे गए हैं तो कांग्रेस नाम और प्रमाण दे।

राहुल के विदेशी मदद वाले बयान पर बोले रिजिजू

दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राहुल ने दावा किया कि मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और इसी के सहारे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने राहुल पर भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि यह वैसा ही है, जैसे इस्लामी कट्टरपंथी ताकतें पेइंग्टा की बात करें, अलगाववादी भारतीय झंडा लेकर चलें और अराजकतावादी संविधान की किताब दिखाएं।

भाटिया ने किया विपक्ष पर बड़ा हमला

राहुल सत्ता के लिए देश को जला रहे, अराजक बना रहे

हिंसक प्रदर्शन भारतीयों के स्वभाव में नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे नेता बन गए हैं, जो लोकतंत्र का गला घोंटकर अराजकता लाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल की राजनीति हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने वाली है। भाटिया ने कहा कि भारत और भारतीय अराजकता तथा हिंसक प्रदर्शनों को पसंद नहीं करते। देश के लोगों का संविधान में विश्वास है और वे अराजकता को कुचल देते हैं। भाटिया ने राहुल पर निशाना साधते हुए एक लोकप्रिय वेब सीरीज के किरदार का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस किरदार की तरह राहुल भी सत्ता के प्रति जुनूनी हैं। भाटिया ने कहा कि वह सत्ता पाने के लिए पूरा देश जलाने तक को तैयार है और राख का राजा बनकर भी शासन करना चाहता है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च का किया जिक्र

भाटिया ने खताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में हिस्सा लिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मार्च का उद्देश्य देश में लोकतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करना है। उन्होंने कहा कि हिंसक प्रदर्शन भारतीयों की प्रकृति और उनके मूल्यों का हिस्सा नहीं हैं।

यही चलता रहा तो लोग राहुल का विकल्प ढूंढ लेंगे: आजमा ने एसआईआर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अभियान को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर हमला तेज करते हुए मंगलवार को कहा कि आज राहुल गांधी सत्ता परिवर्तन के लिए अपने अराजकता के मॉडल को आगे रखते हैं, तो जनता विपक्ष में उनकी जगह कोई दूसरा विकल्प ढूंढ लेगी।

दम हो तो यह बोलकर दिखाएं नेहा

भाटिया ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर दम है तो नेहा धोरा यह भी बोलकर दिखाए कि गरिब्जी और मवरली में मौलवी मुस्लिम बच्चियों के साथ दुराचार करते हैं। नेहा इस तरह का बात नहीं कहेंगी। इस तरह का चुनिंदा विरोध वास्तव मंशा से किया जा रहा है।

निर्वाचन को चुनौती पर चुनौती दी

याचिका की सुनवाई में प्रारंभिक मुद्दा तय करने से किया इनकार,अर्जी रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने भाजपा नेता विजय बघेल की ओर से उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका को लेकर हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मंगलवार को चुनाव याचिका की सुनवाई में देरी करने के प्रयासों पर नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि चुनाव याचिकाओं का निपटारा उचित समयसीमा के भीतर होना चाहिए।

लद्दाख विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव

अभाविप ने 8 में से 5 सीट जीतीं नामग्याल अध्यक्ष, त्सेरिंग उपाध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने लद्दाख विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में 8 में से 5 सीट जीती हैं। अभाविप ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अभाविप के अनुसार हाल में हुए इस चुनाव में दावा नामग्याल को अध्यक्ष, त्सेरिंग यांगडोल को उपाध्यक्ष, स्टैनजिन रिग्डोल को महासचिव, राबकिट डोलमा को संयुक्त सचिव और तेनजिन त्सेवांग को खेल सचिव चुना गया। परिषद की जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख इकाई के सचिव सन्नक श्रीवत्स ने कहा कि यह जीत छात्र कल्याण, शैक्षणिक विकास और रचनात्मक नेतृत्व के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता में विद्यार्थियों के भरोसे को दर्शाती है। ऐसी जीत हासिल करना पूरे अभाविप परिवार के लिए गर्व की बात है। यह जनादेश एक स्पष्ट संदेश देता है कि 'जेन जी' अभाविप के साथ है और जिम्मेदार छात्र नेतृत्व के इसके दृष्टिकोण में विश्वास रखता है।

कर्नाटक लोक सेवा आयोग में भर्ती घोटाला

आंसर-की लीक कर वसूली रिश्वत, वे 35 करोड़ से बनवा रहे थे ड्रीम प्रोजेक्ट

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के गिरफ्तार चेयरमैन शिवशंकरप्पा साहूकार अपने गृहनगर में 35 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बनवा रहे थे। इस कॉम्प्लेक्स में स्कूल, हॉस्टल, खेल का मैदान, मॉल और कन्वेंशन हॉल बनाने की योजना थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह दावा किया। इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्चरल डिजाइन भी तैयार कराए गए थे। यह कॉम्प्लेक्स कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर में साहूकार की पत्नी के नाम पर मौजूद जमीन पर बनाया जाना था। ईडी ने यह भी बताया कि जनवरी में हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर लीक हुई आंसर-की के बदले रिश्वत देने वाले एक उम्मीदवार के पिता से 20 लाख की कथित डील में से 10 लाख रुपये लिए थे, जबकि गौत्रा जो पहली रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार से 40 लाख की डील के तहत 20 लाख प्राप्त किए थे।

9 उम्मीदवारों को आंसर-की लीक करने का आरोप

शिवशंकरप्पा साहूकार और केपीएससी सदस्य बीवी गीता पर 9 उम्मीदवारों को 9 जनवरी को हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की परीक्षा की आंसर-की उपलब्ध कराने और इसके बदले 10 लाख से 40 लाख रुपए तक रिश्वत लेने का आरोप है। साहूकार ने तीसरी रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार के पिता से 20 लाख की कथित डील में से 10 लाख रुपये लिए थे, जबकि गौत्रा जो पहली रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार से 40 लाख की डील के तहत 20 लाख प्राप्त किए थे।

सूचना

मैं मनीष शर्मा, निवासी एम.जी. रोड, पंजाब गार्डन के सामने, पटपरिया, तहसील अंबिकापुर, जिला सरगुजा यह सूचित करता हूँ कि ग्राम कुशफर, तहसील रामानुजगंज, जिला बलरामपुर (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 292 (भाग), 293 (भाग), रकबा 1.0 हेक्टेयर पर पत्थर उत्खनन हेतु उत्खनिपट्टा प्राप्त है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तर पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के File No. OL/EC/MIN/BALRAMPUR/4824, दिनांक 15/07/2026 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मनीष शर्मा,
जिला सरगुजा

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना पुराना नाम मीता राठौर पिता / पति सुरेश सिंह ठाकुर अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम मीता ठाकुर पिता / पति सुरेश सिंह ठाकुर निवासी / पता हाउस नंबर 159 / 7 सानापारा ! सुभाष नगर अंबिकापुर छत्तीसगढ़ रख लिया हूं, अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मीता ठाकुर पिता / पति सुरेश सिंह ठाकुर से जाना एवं पहचाना जाए

मीता ठाकुर पिता / पति सुरेश सिंह ठाकुर निवासी / पता हाउस नंबर 159 / 7 सानापारा 1 सुभाष नगर अंबिकापुर छत्तीसगढ़

प्ररूप-(एक) समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मै बिरतिला कुजूर (Birtila Kujur) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी आनंद केरकेट्टा गांव/शहर..डांगवुडा तहसील..मैनपाट

जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ ने अपना नाम बिरतिला कुजूर (पुराना नाम) से बदल कर बिरतिला केरकेट्टा (Birtila kerKetta)

(नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर

माता रानी के मंदिर परिसर में विशाल जागरण का किया गया आयोजन

उन्नाव। असोहा बाजार स्थित आदि शक्ति पीठ मां डेहवा देवी मंदिर परिसर में आयोजित 11वें विशाल जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक उदयराज यादव व पूर्व ब्लाक प्रमुख बीतेंद्र यादव ने मां के दरबार मे आरती कर जगराते का शुभारंभ किया जगराते मे जीएस जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना के साथ जागरण की शुरूआत की गई।जागरण में कानपुर से आई कलाकार सैफाली द्विवेदी ने मैया का चोला है रंगला गीत गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।कलाकार मानसी द्विवेदी ने मां मुरादे पूरी कर दे व ज्ञानेंद्र शुक्ला ने एक के बाद एक गीत गाकर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जगराते मे विष्णु अवतार ,राधा कृष्ण,शिव आदि सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।आयोजक अमित जायसवाल ने अतिथियों को अंग वस्त्र व चित्र भेंटकर स्वागत किया।

बेहाल किसान और परेशान जनता की पुकार भी नहीं सुन रहे बिजली विभाग के आला अधिकारी!

उन्नाव। बिजली विभाग के आला अधिकारियों की कथित लापरवाही का खामियाजा आज स्थानीय ग्रामीणों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्नाव की 132 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन, जो सरोजनी नगर उपकेंद्र से कुंदन रोड होकर गुजरती है, स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी और खतरे का कारण बनती जा रही है।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क0-/अ-27/2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश मिश्र आ. स्व. कैलाश नाथ मिश्र, निवासी मिश्रा कॉलोनी, भट्ठी रोड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1928/4, 1929/4 रकबा क्रमशः 0.065, 0.057 हे. भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/2 भाग में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09/12/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक:- 28/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क0/ /अ-20(3)/2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रामबिलास सिंह आ. चन्द्रदीप सिंह जाति क्षत्रिय उम्र 67 वर्ष व अन्य 04 निवासी बौरीपारा, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की शीट नम्बर-03 मोहल्ला-टनगनपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1723, 1724 रकबा 0.05, 0.03 एकड़ भूमि एवं मकान में से रकबा 0.04 एकड़ को अनावेदक/क्रेता अंकिता बारी पति महामाया प्रताप बारी, निवासी सत्तीपारा, ब्रम्हरोड़ अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टनेंस खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 17.11.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा0प्र0क0-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अखिलेश कुमार सोनी आ0/पति सुरेश प्रसाद सोनी जाति, निवासी स्कूल रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला देवीगंज रोड़, शीट नम्बर-3 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1166/4, 1166/8 रकबा 0.01, 0.02 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-16.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांकः-02.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा0प्र0क0-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका संजय गुप्ता आ0/पति तारचंद गुप्ता जाति निवासी सदर रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-न्यू महामाया रोड़, शीट नम्बर-8 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2602/4 रकबा 0.05 3/4 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-11.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांकः- 26.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा0प्र0क0-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रेखा बंसल आ0/पति सतीश कुमार बंसल जाति निवासी प्रतापपुर रोड़, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-देवीगंज रोड़, शीट नम्बर-3 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर वर्गमीटर भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो 1163/25 रकबा 44.98 वर्गमीटर भूमि गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-16.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांकः-02.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0

रा0प्र0क0-/अ-6/2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार वासुले आ.स्व. रामकृष्ण वासुले, उम्र-46 वर्ष, निवासी दरीपारा, था-तहत अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया गया है, कि ग्राम अ0पुर मोहल्ला-दरीपारा स्थित नजूल भूमि खसरा नं0 3760/2, 3761 रकबा क्रमशः 0.01 1/2, 0.02 1/2 एकड़ भूमि के भूधारक रूकमणी देवी पत्नि स्व. रामकृष्ण वासुले के द्वारा वसीयतनामा दिनांक 02.04.2025 का निष्पादन आवेदक के पक्ष में किया गया है। वसीयतकर्ता रूकमणी देवी की मृत्यु दिनांक 28.09. 2026 को हो गई है। तपरांत आवेदक द्वारा उक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से भूधारक रूकमणी देवी का नाम विलोपित करते हुये स्वयं के नाम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदक द्वारा वसीयतनामा दिनांक 02.04.2025 की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अनगर्त धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-23/11/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 04/11/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क0/ /अ-20(3)/2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रामबिलास सिंह आ. चन्द्रदीप सिंह जाति क्षत्रिय उम्र 67 वर्ष व अन्य 04 निवासी बौरीपारा, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की शीट नम्बर- 03 मोहल्ला-टनगनपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1723, 1724 रकबा 0.05, 0.03 एकड़ भूमि एवं मकान में से रकबा 0.04 एकड़ को अनावेदक/क्रेता सोनम बारी पति भानू प्रताप बारी, निवासी सत्तीपारा, ब्रम्हरोड़ अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टनेंस खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 17.11.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

सरगुजा और बस्तर के युवाओं तक पहुंचेगी विश्वस्तरीय वैज्ञानिक शिक्षा, आईआईएससी के साथ 3 बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को सिर्फ खनिज और उद्योग से नहीं, बल्कि ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और नवाचार से भी देश का अग्रणी राज्य बनाना सरकार का संकल्प है। मंगलवार को रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु के निदेशक प्रो. जी. रंगराजन और वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें आईआईएससी और छत्तीसगढ़ शासन के बीच 3 महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।



तीन बड़ी परियोजनाएं मटेरियल कैरेक्टराइजेशन एंड टेस्टिंग सेंटर

प्रदेश में विश्वस्तरीय टेस्टिंग फैसिलिटी बनाने का प्रस्ताव है। इससे खनिज, इस्पात, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण उद्योगों को फायदा मिलेगा। यहां माइक्रोस्कोपी, नैनो टेक्नोलॉजी, एआई आधारित विश्लेषण जैसी सुविधाएं होंगी। 600 शोधार्थियों के आवासीय प्रशिक्षण की क्षमता होगी, 3 साल में 1800 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है।

आईआईएससी के मार्गदर्शन में 4 वर्षीय एकीकृत बीएससी-बीएड संस्थान बनाने का प्रस्ताव है। इसमें 14 आधुनिक लैब, 600 विद्यार्थियों की आवासीय क्षमता और 25 पूर्णकालिक शिक्षक होंगे। इसका सीधा लाभ सरकारी स्कूलों और ग्रामीण-जनजातीय अंचलों के बच्चों को मिलेगा।

चिकित्सा अनुसंधान और डिजिटल हेल्थ में सहयोग

आईआईएससी के मेडिकल स्कूल की विशेषज्ञता से किफायती जांच तकनीक, डिजिटल हेल्थ, एआई आधारित स्वास्थ्य सेवाएं और क्लिनिकल रिसर्च पर काम होगा। शुरूआत में हब एंड नेटवर्क मॉडल अपनाया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय जोड़े जाएंगे।

सरगुजा-बस्तर के युवाओं पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईएससी का लाभ सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बस्तर, सरगुजा सहित दूरस्थ अंचलों के युवाओं को भी आधुनिक लैब, इंटर्नशिप, सेमीकंडक्टर, एआई, बायोटेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण मिलना चाहिए। बैठक में बस्तर और सुकमा में बिजली के बिना चलने वाले हाइड्रोलिक रैम पंप, जल संरक्षण और भूजल संवर्धन की तकनीकों पर भी चर्चा हुई। कर्नाटक के कोलार में 440 एमएलडी शोधित जल को 137 जलाशयों तक पहुंचाने वाली परियोजना का उदाहरण भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी प्रस्तावों की व्यवहार्यता जांचकर ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

बीएसपी को हाईकोर्ट से बड़ी जीत, 10 याचिकाएं खारिज, सील तोड़कर कब्जा करने वालों से होगी 69 करोड़ की वसूली

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की जमीन पर कब्जे और बकाया वसूली से जुड़े मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने संयंत्र के पक्ष में फैसला सुनाया है। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की अदालत ने बीएसपी के खिलाफ दायर सभी 10 रिट याचिकाएं खारिज कर दीं। इस फैसले के बाद संबंधित फर्मों से करीब 69 करोड़ रुपये की वसूली और बीएसपी की जमीन वापस लेने की कार्रवाई का रास्ता खुल गया है।



इन 10 मामलों में याचिकाएं खारिज

डब्ल्यूपीसी/3667/2022- डीपी बंसल कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड

डब्ल्यूपीसी/3673/2022- एमएस लक्ष्मी चंद्र अग्रवाल

डब्ल्यूपीसी/3691/2022- दुर्गा धर्म कांटा

कांट/512/2022-एमएस आई.ए. दास (अवमानना याचिका)

डब्ल्यूपीसी/13976/2022- एमएस बंसल ब्रदर्स

डब्ल्यूपीसी/14555/2022- एमएस रफीक / मो. अशरफ / मशकूर

डब्ल्यूपीसी/4582/2022- एमएस मशकूर अहमद

डब्ल्यूपीसी/1882/2023- एमएस मदनलाल

डब्ल्यूपीसी/1769/2022- एमएस आई.ए. दास एस्टाब्लिशमेंट

डब्ल्यूपीसी/3644/2022- एमएस महालक्ष्मी ट्रेडर्स

37 करोड़ राजस्व और 32 करोड़ की जमीन का मामला

बीएसपी के अनुसार, संबंधित पक्षों से करीब 37 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली की जानी है। इसके अलावा 2022 में नगर और राज्य सरकार की दरों के आधार पर जमीन की कीमत लगभग 32 करोड़ रुपये आंकी गई थी। इस तरह कुल देय राशि करीब 69 करोड़ रुपये है।

सील किए प्रतिष्ठानों के ताले तोड़कर दोबारा कब्जे का आरोप

इन फर्मों को अप्रैल और अगस्त 2022 में तत्कालीन महाप्रबंधक (एनफोर्समेंट) के.के. यादव के नेतृत्व में संपदा न्यायालय के आदेश पर सील किया गया था। कार्रवाई कार्यपालक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में हुई थी। बीएसपी का आरोप है कि सील होने के बाद संचालकों ने ताले तोड़कर दोबारा कब्जा कर लिया था। इसके बाद 2022 में हाईकोर्ट से स्थगन आदेश मिलने के कारण वसूली और जमीन खाली कराने की कार्रवाई लंबित हो गई थी। इन मामलों में बीएसपी की ओर से छत्तीसगढ़ के उप महाधिवक्ता सौरभ कुमार पांडेय ने पैरवी की।

एसीबी ने 20 हजार की रिश्वत लेते प्रधान आरक्षक को किया गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

राजनांदगांव। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। बसंतपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक किशोर यादव को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। बुधवार को हुई इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।



5 लाख मांगने का था आरोप

मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता गौरव अग्रवाल ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि रुपये के लेनदेन से जुड़े एक मामले में प्रधान आरक्षक ने उनसे 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसीबी ने पहले आरोपों का सत्यापन किया, फिर ट्रैप की योजना बनाई।

ऐसे पकड़ा गया

बुधवार को एसीबी की टीम ने शिकायतकर्ता गौरव अग्रवाल को 20 हजार रुपये देकर बसंतपुर थाने भेजा। टीम पहले से ही निर्धारित स्थान पर निगरानी में मौजूद थी। जैसे ही गौरव ने प्रधान आरक्षक किशोर यादव को 20 हजार रुपये दिए, टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद बसंतपुर थाने में हलचल मच गई। पुलिस विभाग में यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। फिलहाल एसीबी की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि प्रधान आरक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की किन धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। विभागीय स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर भी जानकारी सामने नहीं आई है।

छत्तीसगढ़ को फिल्म हब बनाने की तैयारी, चित्रोत्पला फिल्म सिटी और नई फिल्म नीति पर सरकार का फोकस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने पहल तेज कर दी है। प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों को फिल्म निमार्ताओं के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की रणनीति तैयार की जा रही है। इसी सिलसिले में मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें फिल्म शूटिंग को आकर्षक बनाने, मौजूदा फिल्म नीति को अधिक व्यावहारिक बनाने और फिल्म निर्माण की प्रक्रियाओं को सरल व पारदर्शी करने पर चर्चा हुई।



अनछुए लोकेशन को मिलेगी पहचान

मुख्य सचिव विकासशील ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिल्मांकन के लिहाज से प्राकृतिक और सिनेमैटिक दृश्यों की व्यापक संभावनाएं हैं। प्रदेश के अनछुए प्राकृतिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन केंद्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर में फिल्म शूटिंग के लिए उपयुक्त नए स्थानों की पहचान कर उन्हें विकसित और प्रोत्साहित किया जाए।

चित्रोत्पला फिल्म सिटी पर चर्चा

बैठक में बहुप्रतीक्षित चित्रोत्पला फिल्म सिटी के प्रस्ताव और उसकी संभावनाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। सरकार का प्रयास है कि फिल्म निमार्ताओं और प्रोडक्शन हाउस को छत्तीसगढ़ में शूटिंग के लिए बेहतर सुविधाएं मिलें, ताकि अधिक से अधिक निमार्ता प्रदेश की ओर आकर्षित हों। मुख्य सचिव ने कहा कि फिल्म निर्माण के विस्तार से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों, युवाओं और होटल उद्योग के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

दीवाली से पहले बजी महिलाओं के मोबाइल में खुशी की घंटी, महतारी वंदन की 33वीं किस्त जारी



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को दीवाली से पहले बड़ी सौगात मिली है। राज्योत्सव के समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में महतारी वंदन योजना की 33वीं किस्त जारी की। इस किस्त में प्रदेश की 67 लाख 40 हजार 410 पात्र महिलाओं के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से कुल 632 करोड़ 63 लाख 67 हजार 750 रुपये अंतरित किए गए।

67 लाख 33 हजार महिलाओं को मिला लाभ

केवाईसी पूर्ण करा चुकीं 67 लाख 33 हजार 502 महिला हितग्राहियों को लाभ मिला। इसके साथ ही नियद नेल्ला नार कैफ क्षेत्रों की 6,908 महिलाओं को भी 33वीं किस्त दी गई। योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसका उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करना और परिवार की जरूरतों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है।

अब तक 21,350 करोड़ से ज्यादा जारी

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना शुरू हुई थी। अब तक 33 किस्तों में पात्र महिलाओं के खातों में 21 हजार 350.50 करोड़ रुपये अंतरित किए जा चुके हैं। इस राशि से महिलाएं न केवल परिवार की दैनिक जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि त्योहारों को भी धूमधाम से मना रही हैं। करवाचौथ से शुरू हुआ खरीदारी का दौर अब दीवाली तक जारी है, जिससे बाजारों में भी रौनक बढ़ी है और परिवार के मुखिया पर आर्थिक बोझ कम हुआ है।

राज्योत्सव में वन विभाग की प्रदर्शनी को प्रथम पुरस्कार, 'बदलता बस्तर - संवरता छत्तीसगढ़' थीम बनी आकर्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्थापना की 26वीं वर्षगांठ पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव 2026 में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रदर्शनी को विभागीय श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला है। समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह सम्मान प्रदान किया। विभाग की ओर से अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ और पीसीसीएफ अरुण कुमार पांडेय ने पुरस्कार ग्रहण किया। वन मंत्री केदार कश्यप ने अधिकारियों-कर्मचारियों और वन धन केंद्रों को बधाई दी।



बदलता बस्तर बना प्रमुख आकर्षण

'बदलता बस्तर-संवरता छत्तीसगढ़' थीम पर बनी प्रदर्शनी में प्रवेश द्वार पर जगदलपुर की जनजातीय गौरव वाटिका, बीजापुर के इंद्रावती टाइगर रिजर्व के चेंदरू गेट और दंतेवाड़ा के वन मंदिर के प्रतिरूप बनाए गए थे। सबसे ज्यादा आकर्षण सुकमा के तुंगल डैम स्थित 'तुंगल कैफे' का रहा। यहां मुख्यधारा में लौटी पूर्व महिला नक्सली कैफे चला रही हैं, वहीं स्थानीय युवा नौकायन और कयाकिंग से आजीविका कमा रहे हैं। इसके साथ ही धुड़मारास गांव के होमस्टे, कोंडागांव की पुष्पाल घाटी के इको-कॉटेज, तीरथगढ़ जलप्रपात और मट्टीमरका के मॉडल भी दिखाए गए। धुड़मारास का चयन यूएन टूरिज्म के 'बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम' में हुआ है। प्रदर्शनी में बताया गया कि बस्तर में 572 देवगुड़ियों का जीर्णोद्धार, मनरेगा से 21.67 लाख मानव दिवस रोजगार और कांगेर वैली में 35 सफारी जिप्सियों से 200 युवाओं को रोजगार मिला है।

वन्यजीव संरक्षण और डिजिटल नवाचार

'संवरता छत्तीसगढ़' खंड में बिलासपुर के कोपरा जलाशय को दिसंबर 2025 में मिले प्रदेश के पहले रामसर स्थल का दर्जा, बारनवापारा में दशकों बाद काले हिरणों की रिलोकेशन और औरापानी में गिद्ध संरक्षण को दिखाया गया। मानव-हाथी द्वंद्व के लिए 'गजरथ यात्रा' और 'गज संकेत' ऐप का प्रदर्शन हुआ। यह ऐप हाथियों की मूवमेंट की जानकारी वॉयस कॉल, एसएमएस और व्हाट्सऐप से ग्रामीणों तक पहुंचाता है। एक पेड़ मां के नाम में 2024 में 3.50 करोड़ और 2025 में 3.55 करोड़ पौधे लगाने की जानकारी दी गई। किसान वृक्ष मित्र योजना में 36,896 किसानों ने 62,441 एकड़ में 3.67 करोड़ पौधे लगाए। क्यूआर कोड क्विज, 360 डिग्री वीआर, लाइट एंड साउंड और सेल्फी प्वाइंट युवाओं के आकर्षण का केंद्र रहे। बांस के घर, नाव, वन मधु, सफेद मूसली, त्रिफला चूर्ण जैसे वन धन उत्पादों की बिक्री भी हुई।

स्वास्थ्य मंत्री ने पीएचसी क्षीरपानी के लिए दी 25 लाख रुपये की स्वीकृति



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम क्षीरपानी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम क्षीरपानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री उन्नयन कोष से 25 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। स्वीकृत राशि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षीरपानी में बाउंड्रीवॉल निर्माण एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। इससे स्वास्थ्य केंद्र की आधारभूत सुविधाओं में सुधार होगा तथा परिसर की सुरक्षा और व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर एवं सुलभ उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक अधोसंरचना और सुविधाओं का विकास होने से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी तथा उन्हें उपचार के लिए दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी।

ग्रामीण बच्चों की शिक्षा को नई उड़ान देगा आजाद वेलफेयर का नि:शुल्क कोचिंग सेंटर

ग्राम पोड़ी में सेंटर का हुआ शुभारंभ, कक्षा 8वीं तक के बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आजाद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत पोड़ी, भटगांव में नि:शुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा न बनें। कोचिंग सेंटर में कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों को सभी विषयों की नि:शुल्क पढ़ाई, नियमित कक्षाएं एवं शिक्षकों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

शुभारंभ के अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों एवं बच्चों की उपस्थिति रही। संस्था की इस पहल को ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर संस्था की ओर से कहा गया कि हमारा प्रयास है कि गांव का कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। बच्चों को पढ़ने का अवसर मिले, उनमें आत्मविश्वास बढ़े और वे भविष्य में अपने परिवार, गांव और देश का नाम रोशन करें। संस्था ने क्षेत्र के अभिभावकों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से कोचिंग सेंटर भेजें तथा इस शैक्षणिक पहल को सफल बनाने में सहयोग करें।

जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में नहीं किया जाएगा कोई समझौता : रेना जमील

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार और नवाचारों को बढ़ावा देने लाइवलीहुड में हुई कार्यशाला



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शैक्षणिक नवाचारों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से यहां के लाइवलीहुड कॉलेज में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा एवं कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल समन्वयक को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों की बेहतर मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक एवं संकुल समन्वयक पूरी ऊर्जा, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए पालकों एवं स्थानीय जनसमुदाय को शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है। बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, गतिविधि आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बेहतर शैक्षणिक परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले में आयोजित विज्ञान आधारित हैंड्स ऑन एक्टिविटी का उल्लेख करते हुए बताया कि जिले के 155 हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के लगभग 900 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विज्ञान के प्रयोगों पर आधारित गतिविधियों में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि बच्चों को करके सीखने के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि उनमें वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना विकसित हो। कार्यशाला में लोक शिक्षण संचालनालय एवं समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रारंभ किया गया लड़का चिन्हारी ऐप के माध्यम से ड्रॉपआउट एवं आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान कर उन्हें पुन: शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चों के चिन्हांकन पर, विद्यालय में तीन माह तक उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा परीक्षा में सम्मिलित कराने पर मानदेय निर्धारित प्रावधानों के अनुसार स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों को देय होगा। कार्यशाला में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया।

जिला प्रशासन की पहल एवं समग्र शिक्षा के सहयोग से संचालित जिले के अभिनव शैक्षणिक कार्यक्रम 'शब्दबीज' के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस नवाचार के अंतर्गत जिले की 1163 प्राथमिक शालाओं के लगभग 49 हजार विद्यार्थी प्रतिदिन मात्र 10 मिनट में हिंदी एवं अंग्रेजी का एक-एक नया शब्द शुद्ध उच्चारण, अर्थ एवं सहायक शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से सीख रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान शब्दों के शुद्ध उच्चारण में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए डिजिटल वॉइस आधारित एचटीएमएल क्रोम फाइल का प्रदर्शन किया गया।

10 बिंदुओं पर होगी स्कूलों की गुणवत्ता की जांच

जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यालयों के समग्र विकास के लिए संचालित 'सूर्योदय सूरजपुर' नवाचार के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई। इसके अंतर्गत जिले के 1653 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का प्रत्येक माह के अंत में संकुल समन्वयकों द्वारा 10 निर्धारित बिंदुओं पर आधारित 100 अंकों की अंतर-संकुल मॉनिटरिंग कर ग्रेडेशन किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत सभी छह विकासखंडों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10 एवं न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यालयों की पहचान की जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों की विकासखंड स्तर पर सम्मानित एवं पुरस्कृत करने के साथ उनके सफल अनुभव अन्य विद्यालयों के साथ साझा किया जायेगा। कम प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के लिए विशेष रेमेडियल गतिविधियां संचालित कर शैक्षणिक स्तर में सुधार लाया जाएगा। कार्यशाला में प्रशस्त ऐप, यू-डाइस, अपार आईडी एवं एमबीयू सहित शिक्षा विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रक्रियाओं, उपयोगिता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला में डीएमसी मनोज कुमार साहू, डॉ. मोहन साहू, सहायक संचालक शिक्षा अजय सिंह सहित जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्रोत समन्वयक उपस्थित रहे।

दिल्ली महारैली में शामिल हुए जिले के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। दिल्ली के रामलीला मैदान में विगत दिनों इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली में जिले के बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जिले का कांग्रेस का बड़ा प्रतिनिधिमंडल पहली बार बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचा और महारैली में शामिल होकर पार्टी के आंदोलन को समर्थन दिया।

महारैली में जिले के कांग्रेसियों की व्यापक भागीदारी को संगठन की एकजुटता, सक्रियता और राजनीतिक प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ आवाज बुलंद करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, मतदाता अधिकारों के संरक्षण और चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। कांग्रेस ने इस आयोजन के माध्यम से वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान को भी मजबूती देने का संदेश दिया। महारैली में जिले से पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व अजजा आयोग अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मरावी, पूर्व एआईसीसी सदस्य सुनील अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, प्रदेश सचिव इस्माइल खान, इंका नेता संजय मित्तल, नपा अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, विद्या सागर सिंह, जिला पंचायत सदस्य द्वय हेमलता राजवाड़े, सुरेश आयाम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद कुँवर, उषा सिंह, मुकेश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र साहू, कुलदीप बिहारी, नवीन जायसवाल, जितेंद्र दुबे, विद्यात्री सिंह, प्रदीप राजवाड़े, लवकेश गुर्जर, संतोष पावले, शिवभजन मरावी, विजय साहू, चंद्रदत्त दुबे, आनंद चौधरी, रुचि अंचल टोप्पो, सुनील सारथी, रोहन राजवाड़े, जाकेश राजवाड़े, जफर हैदर, लिली राजवाड़े, बबिता गुप्ता, विमला सिंह, जरीना सुल्ताना, दिव्या तांजे, अरबीना बेगम, भावना सिंह, खुशी, आकाश साहू, सतवंत सिंह, लिवनेश सिंह, राजू राजवाड़े, चंद्रभान राजवाड़े, हिमेन्द्र गुर्जर एवं समीर सिंह, दिनेश राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। प्रेमनगर, भटगांव एवं प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्रों से भी कांग्रेस के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंचकर महारैली में सहभागिता निभाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जिले की इस व्यापक भागीदारी को कांग्रेस संगठन की एकजुटता और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए सक्रियता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान जिले के कार्यकर्ताओं से छत्तीसगढ़ के प्रभारी सुखदेव भगत, अदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, पूर्व प्रभारी सचिन पायलेट, प्रदेश की सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत व एआईसीसी के वरिष्ठ नेताओं से भी भेंट-मुलाकात हुई।

त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, पाई गई कमियों को सुधारने के दिये निर्देश

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवतापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के निर्देशन तथा अभिहित अधिकारी श्रीमती पुष्पा राज चौहान के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों के किचन में साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर सुधार सूचना जारी की गई है। निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक सुधार नहीं किए जाने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामप्रकाश जायसवाल एवं सुश्री दीपा साहू ने बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न मिठाइयों का नमूना गुणवत्ता एवं मानकता जांच हेतु संग्रहित किया। साथ ही पंडित स्वीट्स, बंसल स्वीट्स, गोलू स्वीट्स सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना लिया गया। भैयाथान क्षेत्र स्थित यादव होटल का निरीक्षण कर मिठाइयों का नमूना संग्रहित किया गया तथा पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

महाविद्यालय में लोकतंत्र के लिए युवा' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

विद्यार्थियों ने लोकतंत्र, स्वच्छ राजनीति, भ्रष्टाचार एवं जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर रखे विचार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिहारपुर। यहां के शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते के मार्गदर्शन में 'लोकतंत्र के लिए युवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना, राजनीतिक समझ, जागरूकता तथा राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

इस अवसर पर 'आज का लोकतंत्र कैसा होना चाहिए, विषय पर छात्र-छात्राओं के बीच विचार-विमर्श एवं परिचर्चा आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शिक्षा, राजनीति, भ्रष्टाचार, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों तथा जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्न उठाया कि जनप्रतिनिधि बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्या होनी चाहिए तथा राजनीति में शिक्षित, ईमानदार और नैतिक मूल्यों से युक्त नेतृत्व की कितनी आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार, आपराधिक छवि वाले नेताओं तथा चुनाव के दौरान मतदाताओं के निर्णय को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर भी विचार रखे गए।



प्राचार्य श्री सातपुते ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका और उसके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के हाथों में होती है और प्रत्येक मतदाता को चुनाव चिह्न ,जाति, धर्म, क्षेत्र, बाहुबल अथवा अन्य प्रलोभनों से प्रभावित हुए बिना योग्य, ईमानदार एवं जनहित के प्रति समर्पित प्रतिनिधि का चयन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को जागरूक मतदाता बनने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा भी विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। शिक्षा, नेतृत्व, राजनीतिक नैतिकता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था से संबंधित विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई। इस परिचर्चा ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र को केवल मतदान तक सीमित न समझकर एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका पहचानने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

प्रारूप मतदाता सूची में नाम न होने पर पूर्व मतदाता भी भर सकते हैं फॉर्म-6

भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया स्पष्टीकरण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में नाम शामिल न होने की स्थिति में पूर्व मतदाता भी पुन: नाम जुड़वाने के लिए बिना किसी संकोच के फॉर्म-6 भर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए मतदाताओं के असमंजस व संशय को दूर किया है। आयोग के संज्ञान में यह बात आई थी कि कई ऐसे मतदाता, जो पूर्व में पंजीकृत थे लेकिन वर्तमान में प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में उनका नाम छूट गया है, फॉर्म-6 भरने में झिझक रहे थे। फॉर्म-6 में यह घोषणा देनी होती है कि उनका नाम पहली बार मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है। मतदाताओं को आशंका थी कि पूर्व में पंजीकृत होने के कारण यह घोषणा गलत घोषणा मानी जाएगी और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत उन पर दंडात्मक या कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस पर स्पष्ट करते हुए आयोग ने कहा है कि यदि किसी नागरिक का नाम वर्तमान प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो अंतिम सूची में नाम दर्ज कराने के लिए उसे नए सिरे से फॉर्म-6 प्रस्तुत करना आवश्यक है, भले ही वह पूर्व में मतदाता रहा हो। ऐसी परिस्थिति में केवल इस आधार पर फॉर्म-6 भरना गलत या झूठी घोषणा नहीं माना जाएगा कि आवेदक पहले से पंजीकृत था। आयोग का यह रुख दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा याचिका संख्या 14955. 2026 निलोत्पल दत्ता व अन्य बनाम भारत निर्वाचन आयोग व अन्य, निर्णय दिनांक 14.10.2026 में दिए गए आदेश के अनुरूप है। अदालत ने स्पष्ट किया था कि इस संदर्भ में गलत घोषणा संबंधी आशंका पूरी तरह निराधार है और ऐसे आवेदक नियमानुसार फॉर्म-6 जमा कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि केवल इस आधार पर किसी भी आवेदक के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कोई कार्रवाई न की जाए कि उसका नाम पहले की किसी मतदाता सूची में था। आवेदक को केवल यह सुनिश्चित करना होगा कि उसका नाम किसी अन्य संसदीय या विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान सूची में पहले से पंजीकृत न हो और आवेदन विधिक नियमों के अनुरूप हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे वर्तमान प्रारूप मतदाता सूची में अपने नाम की जांच अवश्य करें और नाम न होने पर समय रहते फॉर्म-6 भरकर निर्वाचक नामावली में अपना पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।

मतदान केन्द्रों की अंतिम सूची का किया गया प्रकाशन

उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाताओं के सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुये मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत सूरजपुर जिले से भेजे गये प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत मतदान केन्द्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन 3 नवम्बर को कर दिया गया। मतदान केन्द्रों की अंतिम सूची प्रकाशन होने के उपरांत विधानसभा क्षेत्र 04 प्रेमनगर में कुल 312 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 05 भटगावं में 339 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 06 प्रतापपुर में 329 मतदान केन्द्र दर्ज है। मतदान केन्द्रों की अंतिम प्रकाशन की सूची आम नागरिकों के अवलोकनार्थ हेतु सूरजपुर जिले के वेबसाईट https://sura-jpur.nic.in/ में अपलोड कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जिला, अनुविभागीय व तहसील कार्यालय के नोटिस बोर्ड में भी आम नागरिकों सूची का अवलोकन कर सकते है।

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

रा०न्या०क्र०/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवे. दक/आवेदिका राजेश सिंह आ०/पति पदुमनाथ सिंह जाति निवासी मायापुर कौवाडांड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला–कौवाडांड़, शीट नम्बर–3 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1517/4 रकबा 0.03½ एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर–2, जिला–सरगुजा (छ०ग०)

रा०न्या०क्र०/अ–6 अ/2026–27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुखो आ. स्व बधोलन व अन्य जाति उराव निवासी ग्राम बधियाबुआ, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वत्व आधिपत्य की भूमि ग्राम बधिआबुआ में भूमि खसरा नंबर 20/3 रकबा 0.579 है० स्थित है। उक्त भूमि पर आवेदिका का नाम पुकारू नाम सावित्री दर्ज हो गया है उसी प्रकार सहखातेदार राम गुडडू दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर सही नाम गुडडी दर्ज कराना चाहता है। जिसे आवेदिका द्वारा सुधार कराकर अपना सही नाम सावित्री उर्फ सुनिता आ. बधोलन तथा राम गुडडू को सुधार कर सही नाम गुडडी दर्ज कराना चाहती है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/11/2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 20/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर–2



पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आज पुलिस लाइन जशपुर हेलीपेड में आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनि भगत एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, सुनील गुप्ता, भरत सिंह, कृष्णा राय, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



मुख्यमंत्री ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ

दूरस्थ क्षेत्रों के हाट-बाजारों में आम नागरिकों को मिलेगी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर विश्राम गृह परिसर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से जिले में 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जशपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की जा रही है।

इन यूनिट के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के हाट-बाजारों में लोगों को आसानी से निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में सहूलियत मिलेगी।

कार्यक्रम में रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, सुनील गुप्ता, भरत सिंह, अमर सुल्तानिया, कृष्णा राय, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित थे।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस और ईडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी के परिवार ने देश में आपातकाल थोपकर लोकतंत्र की हत्या की और जनता पर अत्याचार कर कई परिवारों को बर्बाद किया। अब विदेशी ताकतों की शह पर देश को अस्थिर करने के लिए संविधान बचाने का झूठा ढोंग किया जा रहा है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास को देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी। मुख्यमंत्री साय रणजीता स्टेडियम में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के तहत आयोजित आमसभा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। जिले के दूरदराज क्षेत्रों से हजारों लोग पदयात्रा में शामिल होने पहुंचे। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया।



भाजपा नेताओं ने भी कांग्रेस पर लगाए आरोप

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि ईडी गठबंधन का लोकतंत्र से विश्वास उठ गया है। वह वोट की जगह अराजकता पैदा कर सत्ता बदलने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसकी साजिश सफल नहीं होगी। भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी का निर्वाचन अवैध घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस ने सत्ता बचाने के लिए 1975 में आपातकाल लगाया और करीब दो साल तक जनता पर अत्याचार किया। उन्होंने इसे वोट चोरी बताया। राय ने कहा कि आपातकाल के दौरान उनके पिता सहित जशपुर के कई परिवार प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि पहले रायगढ़ संसदीय सीट पर एक परिवार विशेष का कब्जा था, जबकि आज भाजपा आदिवासियों को इस सीट का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दे रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने ईडी गठबंधन को 'नाराज फूफाओं की टोली' बताया।

कांग्रेस ने विकास के नाम पर दिए खोखले नारे - सीएम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 55 साल से अधिक समय तक सत्ता में रही कांग्रेस ने विकास के नाम पर खोखले नारे दिए और घोटालों के नए रिकॉर्ड बनाए। इससे जनता का विश्वास कांग्रेस से उठ गया और कभी पूरे देश में शासन करने वाली पार्टी आज एक-दो राज्यों तक सिमट गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देश के विकास और जनता के हित की बात करती है, जबकि कांग्रेस अराजकता फैला रही है। साय ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पाकिस्तान के साथ शांति वार्ता के नाम पर सरकार 'डरी रहती थी। इसी दौरान पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत के एक जवान का सिर काटकर उसका अपमान किया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई की, जिसके बाद उसकी बोलती बंद हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत विश्व अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान पर था, जबकि आज चौथे पायदान पर है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने लोगों से गांव और मोहल्लों में जाकर कांग्रेस के वोट चोरी के दावों की सच्चाई बताने की अपील की।

देश में पहला एसआईआर नेहरू के कार्यकाल में हुआ - सांसद

सभा को रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया और जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने भी संबोधित किया। राठिया ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कांग्रेस ने पहला वोट चोरी तब किया, जब सरदार वल्लभभाई पटेल को 12 वोट मिलने के बावजूद शून्य वोट पाने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि देश में पहला एसआईआर भी पंडित नेहरू के कार्यकाल में हुआ था। भाजपा नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की यह बात याद करनी चाहिए कि जो चुनाव नहीं जीत सकते, वे सड़क पर आंदोलन करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रही है, जबकि कांग्रेस और ईडी गठबंधन अराजकता फैलाने की साजिश कर रहे हैं। इसका जवाब देने के लिए भाजपा सड़क पर उतरी है।

इन मार्गों से निकली पदयात्रा

आमसभा के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रैली रणजीता स्टेडियम से रवाना हुई। पदयात्रा सिटी कोतवाली, जय स्तंभ चौक, बालाजी मंदिर, महाराजा चौक, बजरंगबली चौक और पुरानी टोली से होते हुए वापस स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें शामिल लोग हाथों में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारे लिखी तख्तियां लिए हुए थे।

मुख्यमंत्री ने जशपुर में किया हेलमेट बैंक का शुभारंभ, हर सफर में हेलमेट, सुरक्षित आप और आपका परिवार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर पुलिस लाइन में जशपुर पुलिस द्वारा संचालित हेलमेट बैंक का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। हेलमेट बैंक में 1000 हेलमेट रखे गए हैं। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस की यह अभिनव पहल शुरू की गई है।

जशपुर पुलिस का संकल्प - हर हेड में हो हेलमेट

जशपुर पुलिस ने संकल्प लिया है कि दोपहिया वाहन से सफर करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर हेलमेट अनिवार्य रूप से हो। आम नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

कैसे काम करेगा हेलमेट बैंक?

उल्लेखनीय है कि हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के वाहनों को जब्त किया जा रहा है। बिना चालान काटे, नया हेलमेट खरीदकर उसकी रसीद प्रस्तुत करने पर वाहन छोड़ा जा रहा है।वहीं, अचानक किसी आवश्यक कार्य से निकलने वाले नागरिकों के पास समय या हेलमेट खरीदने के लिए पैसे नहीं होने की स्थिति में हेलमेट बैंक से उन्हें उधार हेलमेट उपलब्ध कराया जाएगा। नागरिक अपना काम पूरा करने के बाद स्वयं का हेलमेट लेकर आएंगे और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए हेलमेट को वापस करेंगे। इसके बदले उन्हें सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए पुलिस के साथ एक छोटा सा सेवा कार्य करना होगा। जशपुर पुलिस की इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और दुर्घटनाओं में सिर की चोट से बचाव सुनिश्चित करना है।



इस अवसर पर रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनि भगत, सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, सुनील गुप्ता, भरत सिंह, अमर सुल्तानिया, कृष्णा राय, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा, सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और अन्य जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी का पैर कटा, इलाके में मचा हड़कंप

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

पत्थलगांव। जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक चला रहे युवक जस्टिन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक में सवार दूसरा युवक प्रदीप लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में प्रदीप का एक पैर शरीर से अलग हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, पत्थलगांव थाना क्षेत्र के केराकछार स्थित फुलेता चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दोनों युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे जस्टिन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, प्रदीप लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल प्रदीप लकड़ा को तत्काल उपचार के लिए सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया। इधर, हादसे की सूचना पर पत्थलगांव पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुटी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री ने जशपुर में पंडित रामचंद्र पौराणिक सामुदायिक भवन का किया शुभारंभ

- 1 करोड़ 35 लाख की लागत से बना सर्व सुविधायुक्त भवन, 30 लाख की और घोषणा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर शहर में 1 करोड़ 35 लाख 85 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का शुभारंभ किया। भवन का नामकरण पंडित रामचंद्र पौराणिक सामुदायिक भवन किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के बीचों-बीच निर्मित यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अब टैंट का खर्च भी बचेगा। जशपुर शहर के लोग शादी, जन्मदिन और सातगिरह आसानी से मना सकेंगे।

उत्तर जशपुर के लिए 30 लाख की घोषणा

मुख्यमंत्री ने उत्तर जशपुर क्षेत्र में सामुदायिक भवन बनाने के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। नवनिर्मित सामुदायिक भवन में कुल 8 कमरे बनाए गए हैं। सभी कमरों में अटैच लेट-बाथरूम की सुविधा उपलब्ध है, जिससे आयोजन के दौरान लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

इस अवसर पर रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, कृष्णा राय, अमर सुल्तानिया, जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी, सुनील गुप्ता, भरत सिंह, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा, सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



ऑपरेशन शंखनाद: पत्थलगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 70 गौवंश मुक्त, 23 तस्कर गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

पत्थलगांव। ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौवंश तस्करी के विरुद्ध जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। थाना पत्थलगांव क्षेत्र के ग्राम बेलडेगी में पुलिस की घेराबंदी में 70 नग गौवंशों को मुक्त कराकर 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

3 नवंबर को सुबह करीब 7 बजे थाना पत्थलगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति बैलों को गैर कानूनी रूप से दूसरे राज्य ले जाने के उद्देश्य से हांकते हुए ग्राम बेलडेगी-डूमरबहार की ओर जा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार ताम्रकार के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई। ग्राम बेलडेगी स्थित शंकर ढाबा के पास बड़ी संख्या में बैलों को पैदल हांककर ले जाते हुए 23 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया।

दस्तावेज नहीं दिखा पाए आरोपी

पुलिस द्वारा बैलों के स्वामित्व एवं परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन आरोपियों ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इस पर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 266/2026 पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 70 नग बैल बरामद किए गए। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल भी जप्त की गईं - हीरो स्प्लेंडर प्लस सीजी14एमएल5856 आरोपी गुलाम हुसैन के कब्जे से और हीरो स्प्लेंडर सीजी14एमडब्ल्यू4009 आरोपी धनसाय राम के कब्जे से। सभी गौवंशों का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर सुरक्षा एवं देखरेख के लिए गौशाला भेजा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



पुलिस की टीम

यह कार्यवाही डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन, एएसपी राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश जायसवाल के पर्यवेक्षण में की गई। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौवंशों के गैर कानूनी परिवहन एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी।

गिरफ्तार आरोपी

रोधो राम, लक्ष्मण राम यादव, गुलाम हुसैन, दशरथ यादव, बालकुंवर राम, विकास टोप्पो, विनीत टोप्पो, किशोर मिंज, राजू महतो, विकास उर्फ विक्की मलार, नंदकुमार, हेमंत कुमार, शिवकुमार, अमित खलखो, जोन मिंज, अंतियुस खलखो, रवी राम डोम, कलदियुस खलखो, आमोस मिंज, ननकु कोरवा, रामकृष्ण नगेशिया, धनसाय राम और सनेश्वर राम।



तपसी राम बाबा जी का महानिर्वाण दिवस और विग्रह स्थापना दिवस 5-6 नवंबर को

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुर। जिले के बगीचा में परम पूज्य तपसी राम बाबा जी का महानिर्वाण दिवस एवं विग्रह स्थापना दिवस 5 एवं 6 नवंबर को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा 'औघड़ की तकिया' बगीचा की ओर से दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन में श्रमदान, साफ-सफाई, पूजन-अर्चन, अखंड संकीर्तन, पाठ, लघु गोष्ठी एवं प्रसाद वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

संस्था के भगवान गुप्ता ने बताया कि आयोजन की शुरुआत 5 नवंबर, गुरुवार को सुबह श्रमदान एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे विग्रह पूजन तथा सुबह 9 बजे समाधि पूजन संपन्न कराया जाएगा। समाधि पूजन के पश्चात 'अघोराग्रा परो मंत्र:' का अखंड संकीर्तन प्रारंभ होगा, जो दूसरे दिन तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन 6 नवंबर, शुक्रवार को सुबह 9 बजे समाधि पूजन किया जाएगा। इसके बाद अखंड संकीर्तन का विराम, सफलयोनि पाठ, लघु गोष्ठी तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

इस धार्मिक आयोजन को लेकर आयोजक मंडल द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। संस्था ने क्षेत्र की समस्त माताओं, धर्मबंधुओं एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूजन-अर्चन एवं संकीर्तन में सहभागिता निभाने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।उल्लेखनीय है कि यह आयोजन बगीचा स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा 'औघड़ की तकिया' परिसर में आयोजित होगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अंबिकापुर छ. ग. पिन नं. 497001 से मुद्रित व वार्ड क्र. 10 कुनकुरी जशपुर से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह